
नई सोच, नया आयाम
RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी
◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 335 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8
धरमजयगढ़, रविवार 1 अक्टूबर 2023

पेज -4 पर बच्चों, महिलाओं को सही पोषण मिले हम सबकी जिम्मेदारी- निराकार पटेल

लैलूंगा विधान सभा के मतदाताओं का कहना, हृदय राम राठिया को दी जाती बारी ... पेज -8 पर




## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

**शारदीय नवरात्र 2023 (15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक)**

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये
कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुडे़केला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुरः**- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

### बुजुर्गों के स्वास्थ्य और सम्मान का ध्यान



### रखना हमारी नैतिक जवाबदारी है: मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस पर सभी बुजुर्गों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने के लिए पूरे विश्व में एक अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्री बघेल ने कहा कि बुजुर्ग परिवार ही नहीं पूरे समाज के अमूल्य धरोहर होते है। वे जीवन भर परिवार और समाज को अपना अमूल्य योगदान देते हैं। उनके पास अनुभव का अनमोल खजाना होता है। बुजुर्गों के अनुभवों से हमें सीखने की कोशिश करनी चाहिए। बुजुर्गों की खुशी, स्वास्थ्य और सम्मान का पूरा ध्यान रखना हमारी नैतिक जवाबदारी है।

# एनआर कंपनी के प्रभावित क्षेत्र में खोदी जा रही पेड़ों की कब्र

## ग्राम सभा की अनुमति की जानकारी नहीं-उपसरपंच

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**रायगढ़ जिले में विभिन्न कारपोरेट घरानों द्वारा सरकारी नियमों को ताक पर रखते हुए स्थानीय प्रशासन को खुलेआम चुनौती दी जा रही है।**







इसके साथ ही उनके द्वारा प्रभावित ग्रामीणों के हितों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। ऐसे में प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। रायगढ़ तहसील क्षेत्र के शिवपुरी में एनआर आयरन एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा परियोजना विस्तार के लिए सैकड़ों एकड़ सरकारी भूमि के आबंटन की मांग की गई है। बता दें कि प्रभावित जमीन पर करीब 200 पेड़ों को काटने की अनुमति कंपनी द्वारा मांगी गई थी लेकिन वन विभाग के अनुसार वहां 50 हजार से अधिक पेड़ पाए गए। ऐसे में पर्यावरण को होने वाले नुकसान के मद्देनजर पेड़ कटाई का आवेदन खारिज करते हुए अनुमति देने से इंकार कर दिया गया। शिवपुरी के ग्रामीणों ने बताया कि इस आदेश के बावजूद प्रभावित क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई शुरू हो गई है। जंगल के पेड़ों को जड़ से उखाड़ कर वहीं दफन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एनआर कंपनी के लोगों ने जेसीबी मशीन से पेड़ों को उखाड़ कर वहीं मिट्टी से पाट दिया है। शिवपुरी क्षेत्र के बीडीसी ने बताया कि उनके कब्जे की जमीन पर लगे पेड़ों को भी काट दिया गया है और उन्हें किसी भी प्रकार का मुआवजा राशि नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि कंपनी के गुर्गों के डर से गांव के लोग आवाज नहीं उठाते हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में गांव के उपसरपंच ने जो बताया वह हैरान करने वाला है। उपसरपंच ने कहा कि इस विस्तार परियोजना के लिए ग्राम सभा की अनुमति दिये जाने के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि पेड़ों की कटाई के संबंध में भी ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्राप्त करने की कोई प्रक्रिया नहीं हुई है। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता राजेश मरकाम ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एनआर कंपनी द्वारा किए जा रहे अवैध गतिविधियों को लेकर जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों के हितों के लिए हर स्तर पर ग्रामीणों के साथ खड़े हैं और यदि प्रशासन उनकी बात नहीं सुनता है तो न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत किसानों को न्याय दिलाया जाएगा।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

# पीएम मोदी ने महिलाओं को नेतृत्व करने का दिया मौका-सरोज पांडेय



**रायपुर।** राष्टपित द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को महिला आरक्षण बिल को मंजूरी दे दी. जिसके बाद अब यह विधेयक कानून बन गया है. भारत सरकार ने इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी की है. वहीं नारी शक्ति वंदन अधिनियम के कानून बनने पर राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय ने आभार व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का आज छत्तीसगढ़ आगमन हो रहा है. आज ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम को कानून के स्वरूप मिला है. छत्तीसगढ़ के बहन बेटियों की ओर से मैं आभार व्यक्त करती हूं, महिलाओं को नेतृत्व करने का मौका दिया धन्यवाद देती हूं.

बता दें कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को गुरुवार को उपराष्टपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के हस्ताक्षर के बाद राष्टपति के पास उनके अनुमोदन के लिए भेजा गया था. इसी महीने की शुरुआत में संसद के विशेष सत्र के दौरान संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था. इसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जाएगा.

# तंबाकू नियंत्रण कानून को सख्त बनाने कॉलेज छात्रों ने की अपील



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में 39.1 प्रतिशत आबादी तंबाकू पदार्थों का उपयोग करती है। राज्य में तंबाकू उत्पादों विशेषकर चबाने वाले तंबाकू के उपयोगकर्ताओं की संख्या सर्वाधिक है। इनमें युवा भी शामिल हैं। नवीनतम जीवाईटीएस 2019 सर्वे के मुताबिक तंबाकू उपयोग की प्रारंभिक आयु 07 वर्ष दर्शायी गई है जो अपने आप में चिंतनीय है। इसे देखते हुए शुक्रवार को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना गुरुकुल महिला महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया।

समय रहते हुए युवा पीढ़ी को तंबाकू या तंबाकू उत्पादों की चपेट में आने से बचाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में गुरूकुल महाविद्यालय की छात्राओं को चिकित्सा विशेषज्ञों ने एक ओर जहां तंबाकू उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य, बेरोजगार साथियों को मिले रोजगार : मुख्यमंत्री

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर स्थित निवास कार्यालय से छत्तीसगढ़ के 01 लाख 35 हजार 104 शिक्षित बेरोजगार हितग्राहियों को 35 करोड़ 48 लाख 7 हजार 500 रुपए का बेरोजगारी भत्ता सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किया। बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत अभी तक छः किस्तों में हितग्राहियों को 182 करोड़ 47 लाख 2 हजार 500 रूपए का बेरोजगारी भत्ता दिया जा चुका है।**




बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत अप्रेल माह से अभी तक 2 लाख 1 हजार 4 सौ 43 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जिनमें से 94 फीसदी अर्थात 1 लाख 79 हजार 494 आवेदनों को स्वीकृति के लिए अनुशंसित कर दिया गया है। जबकि शेष 6 फीसदी अभ्यर्थी भौतिक सत्यापन में अनुपस्थित रहे हैं। बेरोजगारी भत्ता का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों में से 39 फीसदी महिलाएँ हैं जबकि 83 फीसदी अभ्यर्थी ग्रामीण वर्ग से हैं।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगारों को केवल आर्थिक संबल प्रदान करना भर नहीं है, बल्कि हमारा लक्ष्य उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि योजना के हितग्राहियों के लिए कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वे अपने कौशल को निखारते हुए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि छः माह पहले जब ये योजना शुरू हुई थी तो कई लोगों के मन में शंकाएं थीं। हालांकि बेरोजगारी भत्ता योजना सफलतापूर्वक लागू हुई और आनलाइन माध्यम से बेरोजगारी भत्ता सीधे हितग्राहियों के खाते में पहुंच रहा है।




# कलेक्टर के निर्देश पर गौवंशियों को लंपी वायरस से बचाने नगर निगम ने शुरू किया अभियान

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर गौवंशीय पशुओं को लंपी वायरस से बचाने नगर निगम क्षेत्र के गौठानों में टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। नगर निगम कमिश्नर श्री मयंक चतुर्वेदी ने निगम अधिकारियों से कहा है कि संचालित सभी गौठानों में लंपी वायरस से पशुओं के बचाव के लिए समुचित प्रबंध व टीकाकरण सुनिश्चित करें एवं किसी पशु में वायरस के लक्षण दिखाई देने पर उसे पृथक रखने की व्यवस्था तत्काल करें। अभियान के तहत प्रथम चरण में गोकुल नगर गौठान के 192 पशुओं का टीकाकरण कर पशुओं की स्वास्थ्य जांच भी की गई। ज्ञात है कि देश के विभिन्न राज्यों में गत वर्ष लंपी वायरस से गौवंशीय पशु प्रभावित हुए थे।



## बिलासपुर में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा में कहा- डिप्टी सीएम ने तारीफ की तो तूफान आ गया

# पीएम मोदी बोले- छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय हो गया है

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री मोदी बिलासपुर में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा का समापन करने पहुंचे हैं। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत जह जोहार से की। कहा कि, छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय हो गया है। अऊ नहीं सहिबो, बदल के रहिबो का नारा प्रधानमंत्री मोदी ने लगाया। उन्होंने कहा कि, बिलासपुर में मैं कई बार आया। ऐसा उमंग उत्साह पहले कभी नहीं देखा। पार्टी ने मुझे खुली जीप में आने का अवसर दिया। इससे मैं उत्साह और उमंग को देख पाया।



### छत्तीसगढ़ कुशासन से त्रस्त

पीएम मोदी ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में सिर्फ घोटाले ही घोटाले हैं। छत्तीसगढ़ अब कांग्रेस को हटाने और भाजपा को लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पूरा प्रदेश कुशासन से त्रस्त है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के सामर्थ्य को समझा। अटल जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया।

### आपका सपना अब मोदी का संकल्प

आज मैं गारंटी देने आया हूं, आपके सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। आपका सपना अब मोदी का संकल्प है। छत्तीसगढ़ में भी अब भाजपा सरकार होगी। भाजपा केंद्र में हो या राज्य में छत्तीसगढ़ के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित है। लेकिन दिल्ली से मैं जितनी कोशिश करूं उसे कांग्रेस सरकार फेल करने में लगी रहती है। उप मुख्यमंत्री ने सच बोला तो यहां तूफान उठ गया। कांग्रेस के ही नेता, उनके उप मुख्यमंत्री भरी सभा में कहते हैं कि दिल्ली कभी अन्याय नहीं करती।

### रेलवे विस्तार पर गिनाई उपलब्धि

जब दिल्ली में रिमोट कंट्रोल से सरकार चल रही थी, कांग्रेस की सरकार थी, तब रेलवे के लिए वर्ष में औसतन 300 करोड़ रुपया छत्तीसगढ़ को मिलता था। लेकिन इस साल भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में रेलवे के विस्तार के लिए 6 हजार करोड़ रुपए दिए हैं। कहां, 300 करोड़ और कहां 6 हजार करोड़ रुपए।

# बेरोजगारी घटने के बावजूद युवा स्नातकों के नहीं आए अच्छे दिन, आधी आबादी भी प्रभावित

भारत, कनाडा, अमेरिका, जी–20, भारत के दोस्त और प्रतिद्वंद्वियों से संबंधित खबरों की बाढ़ के बीच हम जिस एक चीज को नजर अंदाज नहीं कर सकते, वह है आम भारतीय लोगों के रोजमर्रा का जीवन, जिन्हें अपने घर चलाने के लिए काम करना पड़ता है और जिनके पास ज्यादा पारिवारिक संपत्ति या सामाजिक मदद नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक का ताजा आंकड़ा बताता है कि भारतीय परिवार बचत कम करता है और उधार ज्यादा लेता है।

इसके कई कारण हो सकते हैं, लेकिन एक प्रमुख कारण अच्छी गुणवत्ता वाली नौकरियों की कमी है, जो चिंतित करने वाली बात है। अच्छी गुणवत्ता वाली नौकरियों का मतलब वस्तुतः ऐसी नौकरियों से है, जो मानक जीवन जीने के लिए पर्याप्त वेतन की पेशकश करते हों। इस मोर्चे पर हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है।

अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की हालिया रिपोर्ट इस बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान करती है कि रोजगार के मोर्चे पर हम अभी कहां हैं। स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया, 2023 रिपोर्ट हमारे लिए कुछ अच्छी खबरें भी लेकर आई है कि जातिगत अलगाव कम हुआ है। 1980 के दशक की शुरुआत में अनुसूचित जाति के श्रमिकों का प्रतिनिधित्व कचरा निष्पादन से संबंधित कार्यों में पांच गुना से ज्यादा और चमड़े से संबंधित कार्यों में चार गुना से ज्यादा था। समय के साथ इसमें तेजी से कमी आई है, हालांकि वर्ष 2021–22 तक यह खत्म नहीं हुआ। 1980 के दशक की स्थिरता के बाद से नियमित वेतन वाले श्रमिकों या वेतनभोगी कर्मचारियों की हिस्सेदारी 2004 में बढ़ने लगी और यह बढ़कर पुरुषों में 18 फीसदी से 25 फीसदी तथा महिलाओं में 10 फीसदी से बढ़कर 25 फीसदी हो गई। वर्ष 2017 से 2019 के बीच यह बढ़कर 50 लाख प्रति वर्ष हो गई। लेकिन नियमित वेतन वाली नौकरियों के सृजन की गति अर्थव्यवस्था में सुस्ती और महामारी के कारण वर्ष 2019 से घटने लगी। बेरोजगारी बेशक कम हुई है, लेकिन यह अब भी उच्च स्तर पर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोजगार सृजन भारत की मुख्य चुनौती बना हुआ है। कोविड–19 महामारी के बाद सभी शैक्षणिक स्तरों पर बेरोजगारी में कमी आई है। लेकिन स्नातकों के



मामले में यह अब भी 15 फीसदी से ऊपर और युवा स्नातकों के मामले में 42 फीसदी के उच्च स्तर पर है। रिपोर्ट बताती है कि बुजुर्ग श्रमिकों और कम शिक्षित श्रमिकों में यह दो से तीन प्रतिशत के दायरे में है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि गिरावट या स्थिरता के बाद वर्ष 2004 से महिला रोजगार की दर वास्तव में बढ़ी है। इसका मुख्य कारण स्व–रोजगार में वृद्धि है, जिसमें 2019 के महामारी के बाद और बढ़ोतरी हुई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कम वेतन वाले व्यवसायों में महिलाओं और अनुसूचित जातियों का प्रतिनिधित्व अधिक है।

**कोविड-19 महामारी के बाद बेरोजगारी में कमी आई है। लेकिन स्नातकों के मामले में यह अब भी 15 फीसदी से ऊपर और युवा स्नातकों के मामले में 42 फीसदी के उच्च स्तर पर है। ऐसे ही, जितने रोजगार का नुकसान हुआ है, उनमें से आधे महिलाओं से जुड़े है**

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट हमें बताती है कि वर्ष 2017 से 2021 के बीच समग्र नियमित वेतन वाले रोजगार सृजन में मंदी की स्थिति थी, लेकिन सभी नियमित वेतन वाले कार्यों की हिस्सेदारी के रूप में औपचारिक नौकरियां (लिखित अनुबंध और लाभ के साथ) 25 फीसदी से बढ़कर 35 फीसदी हो गई। वर्ष 2020–21 (महामारी वर्ष) में नियमित वेतन वाले रोजगार में 22 लाख की गिरावट आई। लेकिन यह परिवर्तन औपचारिक रोजगार में 30 लाख की वृद्धि, जबकि अर्ध व अनौपचारिक नियमित वेतन वाले रोजगार में लगभग 52 लाख के नुकसान को छिपाता है। रिपोर्ट बताती है कि जितने रोजगार का नुकसान हुआ है, उसमें से आधा महिलाओं से संबंधित है, जबकि औपचारिक रोजगार में वृद्धि का केवल एक तिहाई हिस्सा ही महिलाओं को मिला है। इसलिए स्पष्ट शब्दों में कहें, तो इस अवधि में महिलाओं को औपचारिक रोजगार से हाथ धोना पड़ा है। इतना ही नहीं, संकट के कारण स्व–रोजगार की तरफ उनका रुझान बढ़ा है। सवाल उठता है कि ऐसे समय में रोजगार की दरें क्यों बढ़ीं, जब विकास की गति सुस्त थी। रिपोर्ट में दलील दी गई है कि यह स्वरोजगार बढ़ने के कारण हुआ, जिसकी तरफ संकट के दौरान लोगों का रुझान बढ़ा।

इस रिपोर्ट में कामकाजी महिलाओं के संबंध में कुछ दिलचस्प बातें हैं। इसमें कहा गया है कि एक जिले में महिला स्नातकों का अनुपात घर से बाहर कार्यरत महिलाओं के अनुपात से सकारात्मक रूप से जुड़ा हुआ है।

## संपादकीय

### पिटे नारों के सहारे!

ओबीसी ध्रुवीकरण की राजनीति का एक्सपायरी डेट गुजर चुका है। गुजरे दशकों में भाजपा ने जातीय प्रतिनिधित्व की राजनीति इतनी कुशलता से की है कि दलित या ओबीसी की बड़ी आइडेंटिटी के आधार पर विशाल ध्रुवीकरण की जमीन खिसक चुकी है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का माहौल गरमा रहा है। वहां सत्ता के बड़े दावेदार अब खुद को प्रचार में झोंक रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर वैचारिक दिवालियापन का शिकार होने और अर्बन नक्सल्स के हाथ में खेलने का आरोप लगाया। अर्बन नक्सल की बात एक नैरेटिव है, जिसके जरिए गुजरे कुछ वर्षों से भाजपा अपने विपक्षियों को घेरती रही है। इसलिए इस आरोप को नजरअंदाज किया जा सकता है। लेकिन जहां तक वैचारिक दिवालियेपन की बात है, तो कांग्रेस सहित तमाम विपक्ष के संदर्भ में कई बार यह बात दमदार लगती है। मोदी सरकार के साढ़े नौ वर्ष के शासनकाल में अगर विपक्षी पार्टियां जनता को यह नहीं बता पाई हैं कि उनका सकारात्मक एजेंडा क्या है, तो ऐसे आरोप अगर उन पर चिपकते दिखें, तो उसके लिए कौन जिम्मेदार है? कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने विदेश दौरों के समय कुछ नया चिंतन सामने रखते सुने जाते हैं। मगर देश लौटने के बाद वे बातें उनके शब्दकोश से कहीं गायब हो जाती हैं। यहां उन्हें लगता है कि जज्बाती मुद्दे ही चुनाव जीतने का फॉर्मूला हैं। इस सिलसिले में उनमें जातीय जनगणना और ओबीसी की उपेक्षा को लेकर प्रेम और जगा है। केंद्रीय सचिवों में सिर्फ तीन ओबीसी होने की बातें वे जनसभाओं में उस तरह कह रहे हैं, जैसे कि यह कोई नई जानकारी वो ढूंढ लाए हैं।

# श्राद्ध और पितृपक्ष का वैज्ञानिक महत्व

श्राद्ध कर्म श्रद्धा का विषय है। यह पितरों के प्रति हमारी श्रद्धा प्रकट करने का माध्यम है। श्राद्ध आत्मा के गमन जिसे संस्कृत में प्रैति कहते हैं, से जुड़ा हुआ है। प्रैति ही बाद में बोलचाल में प्रेत बन गया। यह कोई भूत–प्रेत वाली बात नहीं है। शरीर में आत्मा के अतिरिक्त मन और प्राण हैं। आत्मा तो कहीं नहीं जाती, वह तो सर्वव्यापक है, उसे छोड़ दें तो शरीर से जब मन को निकलना होता है, तो मन प्राण के साथ निकलता है। प्राण मन को लेकर निकलता है। प्राण जब निकल जाता है तो शरीर को जीवात्मा को मोह रहता है। इसके कारण वह शरीर के इर्द–गिर्द ही घूमता है, कहीं जाता नहीं। शरीर को जब नष्ट किया जाता है, उस समय प्राण मन को लेकर चलता है। मन कहाँ से आता है? कहा गया है चंद्रमा मनसः लीयते यानी मन चंद्रमा से आता है। यह भी कहा है कि चंद्रमा मनसो जातः यानी मन ही चंद्रमा का कारक है। इसलिए जब मन खराब होता है या फिर पागलपन चढ़ता है तो उसे अंग्रेजी में ल्यूनैटिक कहते हैं। ल्यूनार का अर्थ चंद्रमा होता है और इससे ही ल्यूनैटिक शब्द बना है। मन का जुड़ाव चंद्रमा से है। इसलिए हृदयाघात जैसी समस्याएं पूर्णिमा के दिन अधिक होती हैं।

चंद्रमा वनस्पति का भी कारक है। रात को चंद्रमा के कारण वनस्पतियों की वृद्धि अधिक होती है। इसलिए रात को ही पौधे अधिक बढ़ते हैं। दिन में वे सूर्य से प्रकाश संश्लेषण के द्वारा भोजन लेते हैं और रात चंद्रमा की किरणों से बढ़ते हैं। वह अन्न जब हम खाते हैं, उससे रस बनता है। रस से अशिक्त यानी रक्त बनता है। रक्त से मांस, मांस से मेद, मेद से मज्जा और मज्जा के बाद अस्थि बनती



है। अस्थि के बाद वीर्य बनता है। वीर्य से ओज बनता है। ओज से मन बनता है। इस प्रकार चंद्रमा से मन बनता है। इसलिए कहा गया कि जैसा खाओगे अन्न, वैसा बनेगा मन। मन जब जाएगा तो उसकी यात्रा चंद्रमा तक की होगी। दाह संस्कार के समय चंद्रमा जिस नक्षत्र में होगा, मन उसी ओर अग्रसर होगा। प्राण मन को उस ओर ले जाएगा। चूंकि 27 दिनों के अपने चक्र में चंद्रमा 27 नक्षत्र में घूमता है, इसलिए चंद्रमा घूम कर अट्ठाइसवें दिन फिर से उसी नक्षत्र में आ जाता है। मन की यह 28 दिन की यात्रा होती है। इन 28 दिनों तक मन की ऊर्जा को बनाए रखने के लिए श्राद्धों की व्यवस्था की गई है।

चंद्रमा सोम का कारक है। इसलिए उसे सोम भी कहते हैं। सोम सबसे अधिक चावल में होता है। धान हमेशा पानी में डूबा रहता है। सोम तरल होता है। इसलिए चावल के आटे का पिंड बनाते हैं। तिल और जौ भी इसमें मिलाते हैं। इसमें पानी मिलाते हैं, घी भी मिलाते हैं। इसलिए इसमें और भी अधिक सोमत्व आ जाता है। हथेली में अंगूठे और तर्जनी के मध्य में नीचे का उभरा हुआ स्थान है, वह शुक्र का होता है। शुक्र से ही हम जन्म लेते हैं और हम शुक्र ही हैं, इसलिए वहाँ कुश रखा जाता है। कुश ऊर्जा का कुचालक होता है। श्राद्ध करने वाला इस कुश रखे हाथों से इस पिंड को लेकर सूंघता है। चूंकि उसका और उसके पितर का शुक्र जुड़ा होता है, इसलिए वह उसे श्रद्धाभाव से उसे आकाश की ओर देख कर पितरों के गमन की दिशा में उन्हें मानसिक रूप से उन्हें समर्पित करता है और पिंड को जमीन पर गिरा देता है। इससे पितर फिर से ऊर्जावान हो जाते हैं और वे 28 दिन की यात्रा करते हैं। इस प्रकार चंद्रमा के तेरह महीनों में श्येन पक्षी की गति से वह चंद्रमा तक पहुँचता है। यह पूरा एक वर्ष हो जाता है। इसके प्रतीक के रूप में हम तेरहवीं करते हैं। गंतव्य तक पहुँचाने की व्यवस्था करते हैं। इसलिए हर 28वें दिन पिंडदान किया जाता है। उसके बाद हमारा कोई अधिकार नहीं। चंद्रमा में जाते ही मन का विखंडन हो जाएगा।

पिंडदान कराते समय पंडित लोग केवल तीन ही पितरों को याद करवाते हैं। वास्तव में सात पितरों को स्मरण करना चाहिए। हर चीज सात हैं। सात ही रस हैं, सात ही धातुएं हैं, सूर्य की किरणें भी सात हैं। इसीलिए सात जन्मों की बात कही गई है। पितर भी सात हैं। सहो मात्रा 56 होती हैं। कैसे? इसे समझें। व्यक्ति, उसका पिता, पितामह, प्रपितामह, वृद्ध पितामह, अतिवृद्ध पितामह और सबसे बड़े वृद्धातिवृद्ध पितामह, ये सात पीढियां होती हैं।

## मिला जुला

**पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 118वें वार्षिक सत्र में बोले अमित शाह**

# उद्योगों के लिए स्केल अपने साइज बदलने का सही समय



**केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 118वें वार्षिक सत्र में 'उभरता भारत–यही समय है, सही समय है' विषय पर अपने संबोधन में देश के 75 सालों के लोकतांत्रिक सफर और पिछले 9 वर्षों की उपलब्धियों को गिनाया। शाह ने कहा कि, 'भारतीय उद्योगों के लिए अपने स्केल और साइज दोनों को बदलने का यही सही समय है।'

संकल्प से सिद्धि के इस सफर में शाह का स्पष्ट मानना है कि जब देश आजादी की शताब्दी मना रहा होगा उस वक्त हर क्षेत्र में भारत सबसे आगे होगा, क्योंकि सबसे ज्यादा युवा, सबसे ज्यादा आबादी वाला देश, सबसे ज्यादा डॉक्टर, इंजीनियर और टेक्नोक्रैट्स भारत में हैं। अगर साल 2014 के बाद के भारत को देखा जाए तो पता चलता है कि मोदी–शाह की जोड़ी ने अपने हर वादे को निभाया। यही कारण है कि साल 2014 में हम विश्व की 11वीं नंबर की अर्थव्यवस्था थे और साल 2023 में दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे हैं। इतना ही नहीं, साल 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। 2013–14 में देश में 4 यूनिकॉर्न स्टार्टअप और 350 स्टार्टअप थे, आज 115 यूनिकॉर्न और 1 लाख से अधिक स्टार्टअप के साथ भारत दुनिया के प्रमुख देशों में से एक है। एक दौर था जब मेक इन इंडिया कार्यक्रम का मजाक उड़ाया जाता था, आज भारत उत्पादन के क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ रहा है। देश के अंदर 14 सेक्टर में पीएलआई स्कीम ने मेक इन इंडिया के स्वप्न को साकार किया है। आज पूरे विश्व में भारत को वाइब्रेंट स्पॉट के रूप में जाना जाता है।

मोदी जी की दूरदर्शिता और शाह के नीतिगत निर्णयों से बीते 9 सालों में हर क्षेत्र में देश का कायाकल्प हुआ है। 'उभरता भारतः यही समय है, सही समय है' थीम चुनने के लिए पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की टीम को बधाई देते हुए शाह ने संदेश दिया कि जी20, चंद्रयान–3 मिशन, आदित्य एल–1 मिशन की सफलता और महिला आरक्षण बिल के पास होने जैसी घटनाओं ने देश भर में एक नई ऊर्जा भर दी है। आज भारत में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हो चुकी हैं। मोदी सरकार द्वारा लाई गयी नई शिक्षा नीति के कारण आने वाले वर्षों में भारत दुनिया भर के छात्रों के लिए सबसे अच्छा डेस्टिनेशन साबित होने वाला है।

शाह ने स्पष्ट तौर पर इशारा किया कि, मोदी सरकार की नीतियों का अधिक लाभ युवाओं और महिलाओं को मिले, इसके लिए पीएचडीसीसीआई को भी एक इकोसिस्टम तैयार करना चाहिए। राजनीतिक स्थिरता और नीतिगत निर्णयों से परिपूर्ण पिछले 9 वर्षों में देश ने कई अभूतपूर्व बदलाव को देखा और महसूस किया है। बीते 9 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल प्रबंधन में देश की प्रगति को एक नई गति मिली है।

**'क्या करते, मजबूरी थी'**

# कनाडा वालों के लिए भारत के वीजा सेवाएं रोकने पर बोले विदेश मंत्री एस जयशंकर

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर चल रहे राजनयिक गतिरोध के बीच भारत द्वारा कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा निलंबित करने पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पहली बार चुप्पी तोड़ी. उन्होंने कहा कि खालिस्तानी तत्वों द्वारा कनाडा में भारतीय राजनयिकों और वाणिज्य दूतावासों पर हिंसा की घटनाओं को देखते हुए यह आवश्यक था. उन्होंने आगे कहा कि कनाडा में भारतीय राजनयिक और अधिकारी अपना काम जारी रखने में असमर्थ हैं, क्योंकि उन्हें लगातार हिंसा की धमकियां मिल रही हैं. जयशंकर ने अमेरिका में भारतीय पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, 'मजबूरी थी' हमारे राजनयिक, वाणिज्य दूतावासों के खिलाफ हिंसा का प्रचार हो रहा है, वे कैसे



वीजा संबंधी और कार्यालय जाने का काम करेंगे, ये कानून और व्यवस्था, वियना कन्वेंशन का मुद्दा है.' विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय और कनाडाई सरकारें एक–दूसरे से बात करेंगी और देखेंगी कि वे खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की मौत पर अपने मतभेदों को कैसे सुलझा सकती हैं. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि 'कनाडा में खालिस्तानी तत्वों को मिली छूट और उन्हें भारत विरोधी गितिविधियां करने से रोकने की कोई कोशिश न होना' बड़ा मुद्दा है और इसका समाधान होना चाहिए. उन्होंने कहा कि भारत 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की 'संभावित' संलिप्तता के कनाडा के आरोपों से संबंधित जानकारी पर गौर करने के लिए तैयार है।

### राहुल ने छेड़ा जातिगत जनगणना का राग, बोले- सरकार बनी तो देश का एक्स-रे निकालेंगे



शाजापुर/भोपाल। राहुल गांधी ने पोलायकला में कहा कि हमारी विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस है और दूसरी तरफ भाजपा और आरएसएस। एक तरफ गांधी जी और दूसरी तरफ गोड़से। एक तरफ नफरत और एक तरफ मोहब्बत है। यह लोग जहां जाते हैं, वहां नफरत फैलाते हैं। मध्य प्रदेश में किसान, युवा इनसे नफरत करने लगा है। इन लोगों ने जो जनता के साथ किया, वह अब जनता उनके साथ कर रही है। इस वजह से हमने यह सात जन आक्रोश यात्राएं मध्य प्रदेश में निकाली हैं।

# स्कॉटलैंड में खालिस्तान समर्थकों का उत्पात, भारतीय उच्चायुक्त को गुरुद्वारा जाने से रोका

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में कट्टरपंथी खालिस्तानी समर्थकों ने एक बार फिर उत्पात मचाया है. ब्रिटिश खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने ब्रिटेन में तैनात भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को शुक्रवार को स्कॉटलैंड के एक गुरुद्वारे में प्रवेश करने से रोक दिया. खालिस्तानी समर्थकों ने भारतीय उच्चायुक्त को कार से नीचे नहीं उतरने दिया.



खालिस्तानी समर्थक ने कहा, 'कुछ लोग आए और उनसे कहा कि उनका यहां स्वागत नहीं है और वह चले गए. हल्की नोकझोंक हुई. मुझे नहीं लगता कि जो कुछ हुआ उससे गुरुद्वारा कमेटी बहुत खुश है. लेकिन ब्रिटेन के किसी भी गुरुद्वारे में भारतीय अधिकारियों का स्वागत नहीं है. हम यूके–भारत की मिलीभगत से तंग आ चुके हैं. हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से हालिया तनाव के कारण ब्रिटिश सिखों को निशाना बनाया जा रहा है. इसका संबंध अवतार सिंह खांडा और जगतार सिंह जोहल से भी है.' कनाडा और ब्रिटेन के कई शहरों में सिखों की आबादी काफी अधिक है और गुरुद्वारे इस समुदाय का केंद्रबिंदु है. खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर सर्रे में गुरुद्वारे का अध्यक्ष था. निज्जर की हत्या के बाद खालिस्तानी समर्थक भड़के हुए हैं. स्कॉटलैंड में शुक्रवार को भारतीय उच्चायुक्त के साथ जो दुर्व्यवहार हुआ, वो खालिस्तानी समर्थकों के लिए कोई नई बात नहीं है।

# भारतीय सेना की बढ़ेगी ताकत, बेड़े में शामिल किए जाएंगे 156 'प्रचंड'

**नई दिल्ली।** भारत की दो तरफ की अन्तर्राष्ट्रीय सीमाएं दुश्मन देशों से घिरी हुई हैं। इन सीमाओं की सुरक्षा के लिए दिन–रात हजारों सैनिक तैनात रहते हैं। सीमाओं की सुरक्षा को चक–चौबंद रखने के लिए भारत सरकार हर साल करोड़ों रुपए खर्च करती है। सीमाओं पर तैनात जवानों को किसी चीज की कमी ना हो, सरकार इसका भी ख्याल रखती है। सेना किसी भी मुकाबले में अपने दुश्मन देशों से पीछे ना रह जाए इसके लिए सरकार समय–समय पर कई अपडेट करती रहती है।

# गुजरात में नूंह जैसी हिंसा, बजरंग दल की यात्रा पर हमला

**गुजरात** के नर्मदा जिले में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया है। यहां सेलांबा इलाके में बजरंग दल की शौर्य यात्रा पर हमले के बाद जमकर बवाल हुआ। जमकर पत्थरबाजी और आगजनी की गई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर भीड़ को मौके से हटा दिया है। बड़ी संख्या में पुलिसफोर्स की तैनाती की गई है। एक दिन पहले ही वडोदरा में भी सांप्रदायिक तनाव हो गया था। यहां गणेश विसर्जन के दौरान कुछ लोगों ने



पथराव कर दिया था।

गुजराती मीडिया के मुताबिक कइदा और सेलांबा गांव के बीच बजरंग दल ने शौर्य यात्रा का आयोजन किया था। जब यात्रा एक मुस्लिम बस्ती से गुजर रही थी तो कुछ उपद्रवियों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। पत्थरबाजी के अलावा कम से कम दो दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। मौके पर कुछ पुलिसकर्मी मौजूद थे। हालांकि, इनके पास हथियार नहीं थे और वे भीड़ को रोकने में नाकामयाब रहे। पत्थरबाजी में कुछ लोग घायल बताए जा रहे हैं।

# गुजरात में नूंह जैसी हिंसा, बजरंग दल की यात्रा पर हमला; पत्थरबाजी और आगजनी से तनाव

**गुजरात** के नर्मदा जिले में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया है। यहां सेलांबा इलाके में बजरंग दल की शौर्य यात्रा पर हमले के बाद जमकर बवाल हुआ। जमकर पत्थरबाजी और आगजनी की गई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर भीड़ को मौके से हटा दिया है। बड़ी संख्या में पुलिसफोर्स की तैनाती की गई है। एक दिन पहले ही वडोदरा में भी सांप्रदायिक तनाव हो गया था। यहां गणेश विसर्जन के दौरान कुछ लोगों ने पथराव कर दिया था। गुजराती मीडिया के मुताबिक कइदा और सेलांबा गांव के बीच बजरंग दल ने शौर्य यात्रा का आयोजन किया था।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मिले शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के माता-पिता से

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को रायपुर आये बीजेपी कार्यालय में उनका कार्यक्रम और बैठक थी। इसकी जानकारी मिलने पर रायगढ़ निवासी शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता सुभाष त्रिपाठी एवं माता आशा त्रिपाठी उनसे मिलने पहुंचे। बैठक संपन्न होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के माता.पिता से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने शहीद के माता-पिता से लगभग 15 मिनट तक बात कीए कुशल.क्षेम पूछा। घटना क्रम की पूरी जानकारी ली। गृहमंत्री द्वारा हर संभव कोशिश करके शहीद एवं शहीद परिवार को न्याय और सम्मान दिलाने के लिए प्रयास की बात कही गई। गृहमंत्री बातचीत के दौरान अत्यंत भावुक हो गए और सौहार्दपूर्वक शहीद के माता-पिता को भोजन ग्रहण करके ही जाने की भी बात कही सुभाष त्रिपाठी ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री से मिलकर उन्हें उम्मीद जगी है कि उनके देशभक्त शहीद सुपुत्र, पुत्रवधु और नाती की राष्ट्र के प्रति शहादत को सम्मान मिलेगा। सुभाष त्रिपाठी एवं आशा त्रिपाठी ने मुलाकात को सार्थक बताते हुए कहाअमित शाह ने दो साल की हमारी पीड़ा को हर लिया। शहीद के माता-पिता ने केंद्रीय गृह मंत्री इस बात से भी अवगत कराया कि स्वयं मंत्रीमहोदय द्वारा घटना के उपरान्त पत्र द्वारा अपनी श्रद्धांजलि और शोक संदेश प्रेषित किया गया था।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलवाने में सुनील रामदास की प्रमुख भूमिका रायगढ़ जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील रामदास एक दिन पूर्व ही सुभाष त्रिपाठी से कुशलक्षेम जानने उनके निवास गए थे। बातचीत के दौरान सुभाष त्रिपाठी एवं आशा त्रिपाठी ने शहीद कर्नल विप्लव की उपेक्षा की जानकारी दी। सुनील रामदास ने इस बात को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए, पहल करके शहीद परिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के रायपुर प्रवास के दौरान मिलवाने में प्रमुख भूमिका निभाई। मुलाकात के दौरान विप्लव के मामा रायगढ़ जिला अमेचर कबड्डी संघ के सचिव राजेश पटनायक एवं रायगढ़ नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष शीला तिवारी भी साथ में थी।




## क्या हुआ था शहीद विप्लव के साथ



सपरिवार शहीद हुए थे रायगढ़ के कर्नल विप्लव त्रिपाठी देशभक्त, कर्तव्यनिष्ठ एवं वीर अधिकारी कर्नल विप्लव त्रिपाठी कमांडेंट 41 वर्ष, 46 वीं बटालियन, असम राइफ ल्स में पदस्थ थे। 13 नवंबर 2021 को मणिपुर राज्य के चुराचांदपुर जिले में पोस्ट के निरीक्षण करके लौटते समय आतंकी अलगाववादियों ने कर्नल विप्लव के काफि ले पर घात लगाकर हमला कर दिया था। जिससे कर्नल की पत्नी अनुजा 36 वर्ष और पुत्र अबीर 7 वर्ष सहित चार जवानों ने आतंकियों से लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया और वीरगति को प्राप्त हुए थे।

## आखिर मिलने की वजह क्या थी

शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के माता.पिता द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से आखिल मिलने की मुख्य वजह क्या थी। इसे जानना बहुत जरूरी है। यह बहुत ही निराश करने वाली बात है कि जिस देशभक्त ने भारत माता की आन.बान.शान की रक्षा के लिए अपने तथा अपने पूरे परिवार को न्योछावर कर दिया। ऐसे कर्तव्यनिष्ठ शहीद को अब तक कोई सम्मान नहीं मिला है। केंद्र सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार और सेना द्वारा कर्नल विप्लव त्रिपाठी की शहादत की पूरी तरह अनदेखी की गई है तथा अब तक उनके सम्मान आदि के कोई भी पहल नहीं की गई है। शहीद के माता.पिता को इन्हीं बातों की पीड़ा है। अपनी इसी पीड़ा भावना को लेकर प्रसिद्ध पत्रकार एवं कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता सुभाष त्रिपाठी एवं माता समाज सेविका आशा त्रिपाठी उनसे मिलने पहुंचे थे।

## त्रिपाठी परिवार इतना महत्वपूर्ण क्यों

*रायगढ़ छत्तीसगढ़ में त्रिपाठी परिवार अत्यंत प्रतिष्ठित है। पंडित किशोरी मोहन त्रिपाठी भारत के संविधान निर्मात्री सभा के अत्यंत प्रतिष्ठित सदस्य थे और जाने-माने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। पंडित किशोरी मोहन त्रिपाठी सुभाष त्रिपाठी के पिता एवं विप्लव त्रिपाठी के दादा थे। विप्लव जब 14 वर्ष के थे, वर्ष 1994 में किशोरी मोहन त्रिपाठी का स्वर्गवास हो गया। विप्लव को अपने देशभक्त दादा से बहुत लगाव था। विप्लव 2001 में लेफ्टिनेंट के रूप में भारतीय सेना अंतर्गत कुमाऊं रेजिमेंट में शामिल हुए थे। 30 मई 1980 को जन्मे विप्लव प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करके सैनिक स्कूल रीवा, मध्य प्रदेश में पढ़ने गए। स्कूली शिक्षा के बाद राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में प्रवेश मिला। पिता सुभाष त्रिपाठी रायगढ़ के प्राचीन अखबार दैनिक बयार के संपादक हैं। माता आशा त्रिपाठी रायगढ़ के शासकीय कन्या महाविद्यालय से सेवानिवृत्त लाइब्रेरियन हैं। विप्लव के छोटे भाई भी कर्नल हैं। इस तरह पूरा त्रिपाठी परिवार राष्ट्र की सेवा में समर्पित है।*

## एक नजर

### बारिश के बाद तुरंत चालू होगा सड़कों का निर्माण कार्य

सड़कों का निर्माण रखें सर्वोच्च प्राथमिकता में, कलेक्टर श्री सिन्हा ने ईई पीडब्ल्यूडी को दिए सख्त निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बारिश रुकने के पश्चात सड़कों की मरम्मत का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ शुरू होगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने इस संबंध में पिछले दिनों बैठक लेकर ईई पीडब्ल्यूडी को कड़े निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सिन्हा ने कहा है कि बरसात समाप्त होने को है जिसके पश्चात सड़कों में गड्ढों को भरना, पैच वर्क और मरम्मत के साथ सड़क निर्माण कार्यों में पूरी तेजी लाई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत अधिकारियों को दी है।

इस संबंध में ईई पीडब्ल्यूडी आर के खांबरा ने जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के चलते काम की गति धीमी हुई है। बारिश की समाप्ति के पश्चात् पूरी तेजी से सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

### सभी ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर को होगा ग्राम सभा लिए जाएंगे निर्णय

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

संचालक पंचायत संचालनालय ने जिले के सभी कलेक्टरों को अक्टूबर माह 2023 में ग्रामसभा की बैठक का आयोजन करने के लिए पत्र जारी किया है। संचालक ने पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा.6 में ग्रामसभा का प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक सम्मेलन आयोजित करने का प्रावधान है। आगामी 02 अक्टूबर के अतिरिक्त प्रतिवर्ष माह जून एवं नवम्बर में सुविधाजनक तिथियों से प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में ग्रामसभा का आयोजन करने के लिये एक समय सारिणी तैयार कर ली जाए एवं स्थानीय आवश्यकता अनुसार अधिकारियों-कर्मचारिया का विशेष जिम्मेदारी दी जाए। अक्टूबर माह 2023 में आयोजित ग्रामसभा में निम्न बिन्दुओं पर विशेष रूप से चर्चा किया जाए, उनमें ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन की जाए, पिछले छ:माही में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन किया जाए, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गये रोजगार की स्थिति की समीक्षा की जाए। इसी प्रकार ग्रामसभा की बैठक में ग्राम गोठानों के प्रबंधन एवं संचालन के संबंध में चर्चा, सुराजी ग्राम योजना के तहत नरवा, गरवा,घुरुवा, बाड़ी से संबंधित कार्यों की प्रगति के संबंध में चर्चा, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों का सत्यापन के संबंध में कार्यवाही किया जाये। जरूरतमंद व्यक्तियों के लिये पंचायतों द्वारा वितरित खाद्यान्न एवं उसके लाभान्वितों के नामों का वाचन किया जाय। जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित प्रकरणों के लंबित, निराकृत एवं वितरित प्रमाण पत्रों की जानकारी दी जाए। मौसमी बीमारियों के निदान एवं निवारण पर चर्चा करना एवं उससे निपटने चिकित्सकीय सुविधाओं का अवलोकन करना एवं इस संबंध में जागरूकता फैलाना। ग्राम पंचायतों में अनिवार्य कर के आरोपण एवं वसूली के प्रगति की समीक्षा। ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी वर्ष 2023-24 हेतु निर्मित कार्ययोजना का वाचन कराते हुए अनुमोदन कराया जाये। राज्य की समस्त सड़कों पर मवेशियों ;आवारा एवं पालतू के कारण हो रहे दुर्घटनाओं में जान-माल की क्षति को रोकन हेतु उस ग्राम पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाली समस्त सड़कों ;विशेषत: राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग तथा मुख्य जिला मार्गों के संबंध में सभी संभव उपायों एवं प्रभावी व्यवस्था की चर्चा करना, आमजनों में जागरूकता बढ़ाना एवं अपने मवेशियों को सड़कों पर खुले नहीं छोड़ने का संकल्प पारित करना। तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों तथा सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के क्रियान्वयन का सुनिश्चित करने की जागरूकताए समस्त ग्राम पंचायत का तम्बाकू मुक्त किये जाने पर चर्चा करना आदि चर्चा के बिन्दु में संलग्न हैं। उपरोक्त सभी विषय बिन्दु ग्राम सभाओं के लिये लागू होगा।

#### पांचवी अनुसूची क्षेत्रों के ग्राम सभा में भी होगा विशेष निर्णय

छत्तीसगढ़ के सामान्य क्षेत्र के ग्राम सभा के बैठक के बिषयों के अतिरिक्त अनुसूचित क्षेत्र ;संविधान के पाँचवी अनुसूची अंतर्गत शामिल अनुसूचित क्षेत्र के ग्राम सभाओं में जिन बिन्दुओं पर विशेष रूप से चर्चा किया जाए। उनमें छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार नियम 2022 का प्रत्येक ग्राम सभा में वाचन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। ग्राम सभा में पेसा नियम 19 एवं 20 के तहत संसाधन योजना और प्रबंधन समिति आरपीएमसी, तथा शांति एवं न्याय समिति पर चर्चा किया जाए। ग्राम सभा में पेसा नियम 23 1.2, के तहत प्रस्ताव पास कर सरपंच एवं सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से ग्राम सभा कोष के नाम से निकटतम कोर बैंकिंग सुविधायुक्त राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवान पर चर्चा किया जाये। पेसा नियम 2022 के कंडिका 24 एवं 25 के प्रावधानों के अंतर्गत मानव संसाधनों एवं स्थानीय संस्थाओं के समीक्षा के संबंध में चर्चा किया जाये।

## छत्तीसगढ़ से धीरे-धीरे विदा हो रहा मानसून

**रायपुर ।** राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में करीब एक सप्ताह तक मानसूनी गतिविधियां और सक्रिय रह सकती हैं। इसके बाद मानसून की विदाई शुरू हो जाएगी। आमतौर पर छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े की शुरूआत के साथ हो जाती है।

छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में अभी भी मानसूनी गतिविधियां सक्रिय हैं। राज्य के कई इलाकों में शुक्रवार को अच्छी वर्षा रिकार्ड की गई है। बात करें राजधानी रायपुर की तो यहां शुक्रवार सुबह 11.30 बजे के आसपास करीब आधे घंटे के लिए तेज बारिश हुई। इधर जानकारों की माने तो प्रदेश के कई इलाकों में अभी भी मानसूनी गतिविधियां जारी हैं। राज्य के अलग-अलग इलाकों व क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा रिकार्ड की जा रही है। इसके अलावा आसमान में भी हल्के से मध्यम बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2-3 दिनों तक अभी मानसूनी गतिविधियां जारी रह सकती हैं। इसके बाद यह धीरे-धीरे कम होती जाएगी। छत्तीसगढ़ में अब मानसून विदाई की बेला में है। आमतौर पर छत्तीसगढ़ से 15 अक्टूबर के बाद मानसूनी गतिविधियां समाप्त हो जाती हैं। लेकिन इस बार मानसून वापसी को लेकर अब तक कोई अधिकृत जानकारी सामने नहीं आई है। इससे माना जा रहा है कि अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े में प्रदेश से मानसून विदा हो जाएगा।

## हाइवा ने सायकिल सवार को कुचला

-बाइक सवार पुल से नीचे गिरे, एक की मौत

**अंबिकापुर-रायपुर ।** अंबिकापुर-सीतापुर नेशनल हाईवे क्रमांक 43 में बीती रात एक तेज रफ्तार हाइवा ने एक साइकिल सवार युवक को रौंद दिया। वहीं एक अन्य घटना में बाइक सवार युवक निर्माणाधीन पुल से गिरकर घायल हो गया, वहीं साथ बैठे युवक की मौत हो गई।

सूत्रों ने बताया कि कल शाम बतौली के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने तेज रफ्तार हाईवा ने साईकिल सवार युवक अजीत कुमार तिग्गा पिता लहुरे तिग्गा 22 वर्ष निवासी उमापुर को रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अजीत कुमार तिग्गा बतौली पेट्रोल पंप में काम करता था और शाम को ड्यूटी के बाद घर लौट रहा था।

एक अन्य घटना में बाइक सवार दो युवक निर्माणाधीन पुल से नीचे जा गिर गए। हादसे में जूना मंगारी निवासी प्रेम साय एक्का पिता बेसत एक्का 37 वर्ष की मौके पर मौत हो गई, वहीं दूसरे सवार को चोटें आई हैं। राहगिरों ने उन्हें बाइक सहित नीचे गिरते देखा तो वे नीचे पहुंचे और दोनों को बाहर निकाला। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया है।

मैसेज, लालच और लंबी चपत

## ठगों के जाल में फंसा BSF जवान, 11 लाख से अधिक का लगाया चूना

**दुर्ग ।** बीएसएफ में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक के साथ 11 लाख 27 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. ठगों ने बीएसएफ के अधिकारी से ग्राहक सेवा केन्द्र शुरू करने के नाम पर बीएसएफ के अधिकारी को ठगी का शिकार बनाया है. बीएसएफ अधिकारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है. दरअसल, बीएसएफ के क्षेत्रीय मुख्यालय भिलाई में सहायक उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत विनय सिंह ने नेवई थाने में शिकायत की है कि, अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा ग्राहक सेवा केन्द्र खोलने के नाम पर मैसेज किया गया।

# नगर पालिक निगम के सभापति के कारण अपमानित हुए राजस्व मंत्री

*समाज के बंटवारे के नाम पर राजनीति करने गये सभापति की क्लास लेते हुए महिलाओं ने जमकर लगाई फटकार*

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़-कोरबा।




सुबह-सुबह कांग्रेस के सभापति के कारण राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को बड़ा अपमानित होना पड़ा। जी हां सही सुना आपने कोरबा के कुंवाभट्टा के लोगों ने भूमिपूजन करवाने पहुंचे निगम सभापति श्याम सुंदर सोनी समेत कांग्रेसी नेताओं को जमकर सबक सिखाते मौके से चलता कर दिया बवाल कटता देख मंत्री सभापति पर ही नाराज हुए और मौके पर ही नहीं पहुंचे। मामला सोनी समाज के भूमिपूजन से जुड़ा हुआ है। यहां सभापति श्याम सुंदर सोनी सुबह सुबह क्रीज कुर्ता पहन सोनी समाज के भवन के शिलान्यास की तैयारी में पहुंच गए यहां राजस्व मंत्री के हाथो शिलान्यास होना था लेकिन मंत्री पहुंचते उससे पहले ही नेहरूनगर से लगी बस्ती कुंवाभट्टा के लोग मुख्य मार्ग पर जमा होकर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल का विरोध करने लगे हंगामा बरपता देख सभापति मौके पर पहुंचे तो लोग उनको खरी खोटी सुनाने लगे। कुंवभट्टा के लोगों का साफ कहना था कि पूर्वांचल विकास समिति के भवन के बगल की रिक्त भूमि पर पिछले चुनाव से पहले कोरबा विधायक ने कुंवाभट्टा के लोगों के लिए सर्व समाज समुदायिक भवन निर्माण की बात कही थी पर पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां भवन का निर्माण नहीं हुआ कई बार वादों को याद भी दिलाया गया पर हर बार आश्वासन का झुनझुना ही मिला।

अब जब दुबारा चुनाव नजदीक है तो मंत्री ने जयसिंह अग्रवाल के करीबी व नगर पालिक निगम के सभापति श्यामसुंदर सोनी को ये जमीन दान में देते उनके समाज की भूमि दी जा रही है। 6 माह जब हम अपने पैसे से यहां चबूतरा बनाते है तो निगम के अधिकारी नेताओ के दबाव में तोड़वा दे रहे अब जाकर आज ये जमीन सोनी समाज के नाम कर उनके सामाजिक सामुदायिक भवन के लिए मंत्री जयसिंह अग्रवाल भूमि पूजन करने वाले है। इसकी जानकारी बस्ती के आम जनता को लगते ही वो बौखला गए विरोध करने सपरिवार सड़क पर उतर आए और उक्त स्थान पर विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेताओं को गरीब विरोधी व अवसर वादी कहते हुए जमकर हंगामा खड़ा कर दिए जिससे वहां मौजूद नेताओं के चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगी और मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के बजाए अपने को इस जगह से दूर रखना उचित समझें। जैसे ही चुनाव नजदीक आया है राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा सरकारी भूमि का बंदरबांट शूरू कर दिया गया है। और सिर्फ फर्जी घोषणाओ का अंबार लगा दिया गया है भले जमीनी स्तर पर वो काम हो पाएं या नहीं पर चुनावी लोलीपॉप तो जनता को दिया ही जा सकता है। खबर है कि विरोध करने वाले एक युवक को नेताजी ने पुलिस के हवाले भी कराया है ऐसे में बस्ती में गुस्से का माहौल देखा जा रहा है। सत्ता बल का खुलकर उपयोग अगर छत्तीसगढ़ में कहीं पर हो रहा है तो सिर्फ कोरबा में समाज के नाम पर बांटने का काम जोरों पर है,अपने राजनीतिक फायदे के लिए शहर के अमन चैन और भाईचारे को बांट कर नया नया विवाद शुरू किया जा रहा है। खैर जैसी करनी वैसी भरनी खुब फजीहत होने के बाद इन नेताओं का अब उक्त स्थान पर अब क्या किया जाएगा यह देखना दिलचस्प होगा।

# सरकारी कर्मचारियों की जगह कांग्रेसी भरवा रहे पट्टा का फॉर्म, भाजपा ने जताई आपत्ति

कहा यह सरकारी कार्यक्रम, पट्टा वितरण में कांग्रेसी करण पर तत्काल रोक लगाई जाए

जोहार छत्तीसगढ़--कोरबा।



कोरबा नगर पालिक निगम के भाजपा पार्षद दल ने कांग्रेसियों द्वारा पट्टा फॉर्म भरवाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कलेक्टर से शिकायत करते हुए तत्काल रोक लगाने आवेदन सौंपा है रितु चौरसिया ने बताया कि यह एक सरकारी कार्यक्रम है जिसमें निगम के सरकारी व्यक्ति द्वारा ही पट्टा फॉर्म भरवारा जाना चाहिए लेकिन कांग्रेसियों द्वारा पट्टा फॉर्म भरवारा जा रहा है जिसे कांग्रेसीकरण करण करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में वोटो की राजनीति और लाभ लेने की कोशिश की जा रही है। भाजपा पार्षद दल द्वारा दिए ज्ञापन में बताया गया है कि कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पट्टा वितरण का कार्य प्रगति पर है नगर निगम के 67 वार्ड में से 30 वार्ड में भाजपा के पार्षद हैं जिन वार्डों में भाजपा के पार्षद हैं वहां पर उनकी उपेक्षा करते हुए पट्टा वितरण सरकारी कार्यक्रम को कांग्रेसीकरण किया जा रहा है पट्टा वितरण हेतु फॉर्म भरने का कार्य कांग्रेसियों के द्वारा या कांग्रेस प्रत्याशी के द्वारा या पूर्व कांग्रेस पार्षद के द्वारा कराया जा रहा है और उनके अनुमोदन से ही अधिकारियों के द्वारा पट्टा में हस्ताक्षर करके उनके हाथों पट्टा का वितरण किया जा रहा है। अत: महोदय वार्ड पार्षद निर्वाचित जनप्रतिनिधि है उनकी उपस्थिति में और उनके देखरेख में ही पट्टा का वितरण होना चाहिए, कृपया व्यवस्था को ठीक करते हुए उचित कार्यवाही करने का निर्देश अधिकारियों को देने की कृपा करें।

# जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र से मोहन कुमारी या निर्मल सिन्हा हो सकते भाजपा प्रत्याशी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है इस बार हर हाल में भाजपा चुनाव जीतना चाहती है इसलिए यहां नये प्रयोग करने के मूड में है पार्टी निर्मल सिन्हा या मोहन कुमारी साहू, गगन जयपुरिया, सत्यनारायण चन्दा, कृष्णकांत चंद्रा इन में से किसी एक को टिकट दे सकती हैं। पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पद पर हैं इस क्षेत्र में बहुत ही लंबे समय से सक्रिय है सतनामी समाज में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है सतनामी समाज के लगभग 50 हजार के आसपास वोटर हैं। निर्मल सिन्हा जुझारू और तेजतर्रार जनता के बीच में लोकप्रिय है और संगठन के प्रदेश नेताओं से उनका बहुत गहरा संपर्क है निर्मल सिन्हा के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, पूर्व संगठन महामंत्री राम प्रताप सिंह एवं केंद्रीय मंत्री फगुन सिंह का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है भाजपा इस बार सतनामी समाज में सेंध लगाना चाहती है बसपा को हराने के लिए सतनामी वोट में सेंध लगाने के लिए सतनामी समाज से निर्मल सिन्हा को चुनाव मैदान में उतार सकती है, तो मोहन कुमारी साहू, साहू समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य हैं। क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखती है खास कर महिलाओं में उनके लिए साहू समाज के बड़े पदाधिकारी प्रदेश स्तर पर लगे हुए यदि पार्टी मोहन कुमारी साहू को टिकट देती है तो इस बार जैजैपुर में कमल अवश्य खिलेगा साहू एक अच्छी प्रत्याशी हो सकती हैं, गगन जयपुरिया जिला पंचायत सदस्य हैं क्षेत्र में अच्छे लोकप्रिय है वह अग्रवाल समाज से आते हैं उनके लिए व्यापारी संगठन के लोग प्रदेश स्तर पर टिकट दिलाने के लिए लगे हुए हैं। गगन युवा एवं क्षेत्र में लोकप्रिय नेता के रूप में जाना जाता है। यदि पार्टी उन्हें प्रत्याशी बनाती है तो परिणाम अच्छे होंगे, सत्यनारायण चन्द्रा को टिकट के लिए आरएसएस के उच्च पदाधिकारी जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक उनके लगे हुए हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा एक ऐसा नाम है जो अपने संगठन के कार्यों के दम पर क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हैं। यदि पार्टी उन्हें नाम पर विचारा करती है तो वह भी अच्छे प्रत्याशी हो सकते हैं। भाजपा प्रदेश संगठन इस बार जैजैपुर विधानसभा के जीतने के लिए सभी बातें पर बारीकी से विचार कर रहा है। लेकिन इनमें से कोई एक प्रत्याशी भाजपा का होगा।

# बच्चों, महिलाओं को सही पोषण मिले हम सबकी जिम्मेदारी- निराकार पटेल

## जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक में विजयी हुयी जिले की बेटियां ब्रांड एम्बेसडर के रूप में हुई सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।

राष्ट्रीय पोषण माह 2023 अंतर्गत पोषण मेला सह महिला जागृति शिविर का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नगर निगम ऑडिटोरियम, रायगढ़ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप पोषण एवं एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से पोषण अभियान का संचालन राज्य के सभी जिलों में किया जा रहा है। इसी तरह पूरे माह भर में पोषण जागरूकता और किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं में एनीमिया की रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। उन्होंने इस दिशा में जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहें कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों, महिलाओं को सही पोषण मिले इसमें हम सबकी जिम्मेदारी भी है। जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने के साथ उनके स्वावलंबन की नीति अपनाई है। महिलाओं की रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने के साथ उनकी सृजन क्षमता को स्थानीय संसाधनों के साथ जोड़ा गया है। जिससे महिलाएं सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हो रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महापौर जानकी काटजू ने कहा कि कुपोषण रोकथाम के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। हितग्राहियों को गर्म पौष्टिक भोजन इस योजना में दिया जा रहा है। राज्य सरकार महिलाओं के हितों और उनके जीविकोपार्जन में लगातार कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अन्तर्गत दिए जा रहे गर्म पौष्टिक भोजन की बदौलत शुरूआत से अब तक सैकड़ों बच्चें कुपोषण से बाहर आ चुके है। पोषण मेला में रॉगी व रेडी टू-ईट से बने व्यंजनों का स्टॉल भी लगाया था। जिसमें सब्जियों से बने भगवान गणेश सबके लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। वहीं कार्यक्रम में बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों को सशक्त, सुपोषित, साक्षर बनाने हेतु हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी,सुषमा प्रकाश नायक, डीएसपी निकिता तिवारी, सब इंस्पेक्टर दीपिका निर्मलकर सहित महिला बाल विकास विभाग अधिकारी-





### कुपोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ता हुई सम्मानित

### पोषण मेला सह महिला जागृति शिविर का हुआ आयोजन

कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। डीपीओ एलआर कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि पोषण एवं एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से आंगनबाड़ियों में एक सितंबर से पोषण माह का आयोजन किया गया जो 30 सितम्बर तक चला। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान सात विभिन्न थीम संपूर्ण स्तनपान एवं ऊपरी आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाईफ अंतर्गत पोषण गतिविधियां, मेरी माटी मेरा देश, जनजातीय केन्द्रित पोषण संवेदना, एनीमिया की रोकथाम और प्रबंधन पर आधारित गतिविधियां आयोजित गई। इसके लिए दैनिक गतिविधियों का कैलेण्डर भी बनाया गया। जन त्यौहार गतिविधियों के अंतर्गत प्रदेशभर में बच्चों की वृद्धि मापन पर सामुदायिक जागरूकता का काम किया जा रहा है। आंगनबाड़ियों में बच्चों का वजन और ऊंचाई मापकर उनका पोषण स्तर जांचकर अभिभावकों को उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा है। वजन त्यौहार के दौरान लिए गए बच्चों के वजन सहित अन्य जानकारियों पोषण ट्रैकर एप्प में एंट्री भी किया जा रहा है। इसी तरह पोषण माह के दौरान सुपोषण चौपाल, अन्नप्राशन दिवस, परिवार चौपाल, पोषण मेला, व्यंजन प्रदर्शन जैसे कई आयोजन पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में किए गए। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन महिला बाल विकास विभाग के डीडब्लूसीडीओ तुल दाण्डेकर ने किया।

### ब्रांड एम्बेसडर के रूप में सम्मानित हुए जिले की बेटियां

पोषण मेला सह महिला जागृति शिविर कार्यक्रम में आज जिले की बेटियां ब्रांड एम्बेसडर के रूप में सम्मानित हुई। ज्ञात हो कि यह वह बेटियां है जिन्होंने जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विभिन्न खेलों में अव्वल आकर जिले के नाम रोशन की है। इनमें पुसौर की बबली पाव लम्बी कूद, तमनार की उमा राठिया 100 मीदौड़, पुसौर की तेजस्विनी.रस्सी कूदए खरसिया की अम्बे कुम्हार,कुश्ती, लैलूंगा की दूतिका सिदार कबड्डी एवं लैलूंगा की संगीता राउत.खोखो में विजयी हुई थी।

### कुपोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ता हुई सम्मानित

कुपोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इनमें रायगढ़ शहरी से सुमन सिंह चौहान, खरसिया की उत्तरा लहरे, तमनार की इंदिरा बरता, लैलूंगा की गौरी प्रधान, धरमजयगढ़ की लता वस्त्रकार, घरघोड़ा की अंबिका राठिया,कापू की मानकुंवर, पुसौर की तुलसी चौहान, रायगढ़ ग्रामीण हारा साहू एवं मुकडेगा की चंद्रवती राठिया शामिल थी।

### डीएसपी ने दी साईबर क्राईम के बारे में जानकारी

पोषण मेला सह महिला जागृति शिविर कार्यक्रम में शामिल हुई डीएसपी,निकिता तिवारी ने साईबर क्राईम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि साइबर गिरोह के बदमाश आम लोगों से लेकर अफसरों तक को निशाना बना रहे है और झांसे में लेकर उनके खाते से रकम की निकासी कर रहे हैं। मोबाइल पर फ्रॉड मैसेज एवं लिंक भेजकर लोगों को चूना लगा रहे हैं। उन्होंने बेवजह आने वाले मैसेज एवं फ्रॉड कॉल से सावधान रहने हेतु कहा। उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभिव्यक्ति एप की शुरूआत की गई है। उन्होंने सभी को अपने मोबाइल फोन में अभिव्यक्ति एप को इस्टॉलेशन करने को कहा। इस एप के माध्यम से अपने आसपास किसी भी प्रकार घटना दुर्घटना के बारे में मैसेज भेज सकते है। जिसमें सीधे आपकी गतिविधियां कंट्रोल रूम में चली जाएगी। जिसके पश्चात पुलिस विभाग उस पर कार्यवाही करेगी।

## जिले में विकास का हाल बेहाल

# गर्भवती पीड़ा से कहारती महिला को कुर्सी में बैठाकर पार कराया जलमग्न सड़क, ग्रामीण रहते बरसात में परेशान

जोहार छत्तीसगढ़-
बलौदाबाजार।

**भाटापारा जिले के कसडोल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोरदा लवन से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां सड़क के अभाव के चलते एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों और मोहल्ले के लोगों को लगभग आधा किलोमीटर कुर्सी पर बैठकर लाना पड़ा। जिसके बाद उसे एम्बुलेंस की सहायता मिली और उसे लवन लाया गया। जहां महिला ने बच्चे को जन्म दिया।**



प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला मुकेश्वरी यादव तक एंबुलेंस इसलिए नहीं पहुंच सकी क्योंकि उसके घर तक जाने वाली सड़क की हालत बदतर है और दो से तीन फीट पानी भरा हुआ है। जिसके बाद लोगों ने महिला और बच्चे की जान बचाने के लिए उसे कुर्सी में बैठकर एम्बुलेंस तक लाए, फिलहाल बच्चा जच्चा दोनों सुरक्षित हैं। क्षेत्र में विकास के दावे पिटने वाले जनप्रतिनिधियों की इस घटना ने पोल खोल दी है। आपको बता दें कि कसडोल विधानसभा क्षेत्र पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष रहे गौरीशंकर अग्रवाल का था जो वर्तमान में कांग्रेस की संसदीय सचिव शकुन्तला साहू का क्षेत्र है, जिसकी स्थिति आज काफी बदतर है। ग्रामीणों का कहना है कि हमलोग जनप्रतिनिधियों से लेकर कलेक्टर तक आवेदन दे चुके हैं। तकलीफों से अवगत करा रहे हैं पर हमारी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। हमारी समस्या जस की तस है। गौरतलब है कि विकास के दावे दोनों ही दल करते हैं, पर क्या विकास दिखाई दे रहा है। जहां ग्रामीण आज भी परेशान है और उन्हें सड़क नहीं मिल पाया है। कहीं न कहीं जिले में विकास के दावे को ये घटना खोखला साबित कर रही है। इस घटना को लेकर आम आदमी पार्टी के संतोष यदु ने दोनों ही दलों के जनप्रतिनिधियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि दोनों ही दल बातें बड़ी.बड़ी करते हैं, करते कुछ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सत्ता में आयेगी तो सबसे पहले ग्रामीणों की मुलभुत समस्याओं का निराकरण करने का काम करेगी।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जारी की बेरोजगारी भत्ता की छठवीं किस्त

## योजना का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगारों को आर्थिक संबल प्रदान कर रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर निवास कार्यालय से आज बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को राशि अंतरण एवं आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण के वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत युवाओं के खाते में छठवी किस्त की राशि का अंतरण किए। उन्होंने आज प्रदेश के 1 लाख 35 हजार 104 शिक्षित बेरोजगार युवाओं के खाते में 35 करोड़ 48 लाख 7 हजार 500 रूपए की राशि अंतरित किया। योजना के तहत अब तक हितग्राहियों को 182 करोड़ 47 लाख 2 हजार 500 रूपए का बेरोजगारी भत्ता मिल चुका है। जिसमें आज रायगढ़ जिले के 2754 शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता के रूप में 68 लाख 85 हजार रूपये की किस्त राशि भी शामिल है। वर्चुअल कार्यक्रम में रायगढ़ जिले से कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम, जिला स्तरीय अधिकारी, हितग्राही उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगारों को केवल आर्थिक संबल प्रदान करना भर नहीं है, बल्कि हमारा लक्ष्य उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि योजना के हितग्राहियों के लिए कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वे अपने कौशल को निखारते हुए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री बघेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि छः माह पहले जब ये योजना शुरू हुई थी तो कई लोगों के मन में शंकाएं थीं। हालांकि बेरोजगारी भत्ता योजना सफलतापूर्वक लागू हुई और आनलाइन माध्यम से बेरोजगारी भत्ता सीधे हितग्राहियों के खाते में पहुंच रही है। रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले में 31 अगस्त तक की स्थिति में कुल 2 करोड़ 47 लाख 34 हजार 500 रुपये की राशि हितग्राहियों के खाते में राशि जारी की गई है। इस तरह कुल 3 करोड़ 16 लाख 19 हजार 500 की राशि जिले के 2754 शिक्षित बेरोजगारों को जारी की गई हैं। इसके साथ ही बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हितग्राहियों को लाइवलीवुड कॉलेज जैसे विभिन्न संस्थान के माध्यम से स्वरोजगार मूलक विभिन्न प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जिससे वे स्वरोजगार प्राप्त कर सके। रायगढ़ निवासी नेहा श्रीवास्तव ने बताया की ग्रेजुएशन पूर्ण कर चुकी है, उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है, इसके साथ लाइलीवुड कॉलेज में रिटेल असिटेंट का कोर्स कर रही, ताकि आगे रोजगार में आसानी हो। रायगढ़ बाझिनपाली निवासी धनश्री चौहान ने बताया की बेरोजगारी भत्ता से उन्हे काफी सहयोग मिल हैं, जिससे वो आगे की पढ़ाई कर पा रही है इसके साथ ही उन्होंने लाइवलीवुड कॉलेज में सिलाई मशीन ऑपरेटर का कोर्स कर रही ताकि स्वरोजगार मिल सके।

# सांसद ज्योत्सना महंत ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-
कोरबा।



बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल लिंगानुपात में सुधार व बालिकाओं के प्रति लोगों की मानसिकता परिवर्तन करने के लिए सांसद लोकसभा क्षेत्र कोरबा ज्योत्सना चरण दास महंत ने आज जिला कार्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना जिले के समस्त ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में बेटियों के प्रति नकारात्मक सोच को बदलने एवं बेटियों को बचाने, बेटियों को पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने में सेतु का कार्य करेगा। इस कार्यक्रम अन्तर्गत प्रचार रथ बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं से संबंधित संदेशों व बालक-बालिका संरक्षण से संबंधित अधिनियमों कानूनों प्रचार-प्रसार जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में भ्रमण करते हुए किया जाएगा। साथ ही लिंगभेद से संबंधित कुरीतियों को रोकने संबंधी जानकारी भी उन्हें दी जाएगी। गौरतलब है कि भारत सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल लिंगानुपात में सुधार तथा बालिकाओं के प्रति लोगों की मानसिकता परिवर्तन करने के लिए लागू ही गई है। इस हेतु जिले में आज 5 प्रचार रथ का सांसद द्वारा रवाना किया गया। यह प्रचार रथ जिले के सभी जनपदों में घूमकर ग्रामीणों में जागरूकता लाने का कार्य करेगा। इस अवसर पर विधायक कटघोरा पुरूषोत्तम कंवर, विधायक पाली तानाखार मोहित राम केरकेट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर, खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई, कलेक्टर सौरभ कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, रश्मि सिंह, उषा तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास प्रीति खोखर चखियार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने की चिटफंड संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने आज चिटफंड के नाम से लोगों से धोखाधड़ी करने के एक मामले में आरोपियों से जप्त 44 लाख 58 हजार रुपए की संपत्ति की नीलामी और 3 लाख रुपए नकद को राजसात करने का अंतरिम आदेश पारित किया है और प्रकरण को अंतिम आदेश के लिए माननीय जिला न्यायाधीश के समक्ष प्रेषित किया है। जहां से अंतिम आदेश के पश्चात नीलामी और राजसात से मिली राशि निवेशकों को लौटाई जायेगी। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली जिला रायगढ़ के द्वारा लिखित शिकायत आवेदन दिया गया था कि कलकत्ता वेयर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी लक्ष्मीपुर रायगढ़ के द्वारा रकम दुगुना करने का विभिन्न स्कीम बताकर प्रार्थी से 5 लाख रुपये एवं अन्य निर्देशकों से रकम जमा कराया गया तथा परिपक्वता अवधि पूर्ण होने के पूर्व

- **चिटफंड के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले कलकत्ता वेयर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संचालकों की 44.58 लाख की संपत्ति नीलाम करने जारी किया अंतरिम आदेश**
- **सक्षम न्यायालय के अंतिम आदेश पश्चात निवेशकों को लौटाई जायेगी नीलामी और राजसात से मिली राशि**

कंपनी बंद करके फरार हो गये। प्रार्थीगण की रिपोर्ट के आधार पर कलकत्ता वेयर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के संचालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनावेदकगणों को सुनवाई हेतु उनके निवास गृह के पते में रजिस्टर्ड डाक से नोटिस प्रेषित किया गया। नोटिस तामिली की समस्त प्रक्रियाओं के पश्चात भी निर्धारित सुनवाई तिथि को अनावेदकगण अनुपस्थित रहे। अत: अनावेदकगणों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई। पुलिस के द्वारा आरोपी 1.शाहजहां खान आ.मुकसद खान सा.जयदेवपुर होरिडेगा डायमण्ड हर्बर 24 परगना पश्चिम बंगाल, 2.समशूल आलम खान पिता मुकसद खान सा.जयदेवपुर होरिडेगा डायमण्ड हारबर 24 परगना पश्चिम बंगाल को 07 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से जप्ती पत्रक के अनुसार नगदी रकम 3 लाख रूपये एवं सोने के जेवर मूल्य 30 लाख 03 हजार 900 रूपये, एक नग एकार्ड कंपनी की कार मूल्य 13 लाख रूपये, एक नग राडो घड़ी मूल्य 1 एक लाख रूपये एवं मोबाईल कुल कीमती लगभग 55 हजार रूपये जप्त की गई है।

# बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत 2944 पात्र हिग्रहियों के खाते में छठवीं किशत 73 लाख 60 हजार रुपये की राशि का हुआ अंतरण

## * योजना के तहत अब तक कुल 3 करोड़ 63 लाख 15 हजार की राशि का हो चुका अंतरण

जोहार छत्तीसगढ़-
सूरजपुर।





मुख्यमंत्री बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत आज जिले के 2944 पात्र हिग्रहियों के खाते में 73 लाख 60 हजार रुपये की राशि का अंतरण किया गया। योजना के तहत अब तक 6 किश्तों का राशि अंतरण किया जा चुका है। जिसके तहत जिले के हितग्राहियों को अब तक 3 करोड़ 63 लाख 15 हजार की राशि का अंतरण किया जा चुका है। योजनांतर्गत अप्रैल से सितम्बर की स्थिति में क्रमश: 1395ए 2298, 2475, 2636 और 2778, 2944 पात्र हितग्राही को अप्रैल से अब तक क्रमश: प्रथम किशत 34 लाख 87 हजार 500 सौ ए द्वितीय किशत 57 लाख 45 हजारए तृतीय किशत 61 लाख 87 हजार 500 सौए चतुर्थ किशत 65 लाख 90 हजार एपंचम किशत 69 लाख 45 हजार तथा छठवीं किशत 73 लाख 60 हजार रुपए की राशि का भुगतान किया गया । जिसमें लगभग 60 प्रतिशत 1,765 हितग्राही महिला तथा शेष 40 प्रतिशत अर्थात 1,179 हितग्राही पुरुष वर्ग से है। बेरोजगारी भत्ता के पात्र हितग्राहियों में से कुल 420 हितग्राहियों का कौशल

### 1765 महिला व 1,179 पुरुष युवा हितग्राहियों को मिला रहा योजना से लाभ

विकास योजनांतर्गत अलग-अलग कौशलों में प्रशिक्षण हेतु चयन कर प्रशिक्षण भी प्रदाय किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण लाईवलीहुड कॉलेज के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। जिसमें असिसटेंट इलेक्ट्रिशियन,सिविंग मशीन ऑपरेटर, डोमेस्टिक डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, फ्रंट लाईन हेल्थ वर्कर, ऑटोमोटिव सर्विस टेक्निशियन लेवल, फायर फाईटर, ऑफिस असिसटेंट एवं ब्युटि थेरेपिस्ट जैसे कोर्स हितग्रहियों का प्रशिक्षण सम्मिलित हैं।

जिसमें कुल 360 हितग्राही है तथा शेष 60 हितग्राहियों में से 30 हितग्राही पॉलिटेक्निक कॉलेज सूरजपुर में असिसटेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स तथा 30 हितग्राही आईटीआई सूरजपुर में ऑटोमोटिव सर्विस टेक्निशियन कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर हैं। पात्र हितग्राहि इसी प्रकार पॉलिटेक्निक कॉलेज सूरजपुर में असिसटेंट इलेक्ट्रिशियन, ऑटोमोटिव सर्विस टेक्निशियन लेवल एवं आईटीआई सूरजपुर में ऑटोमोटिव सर्विस टेक्निशियन लेवल कोर्स में हितग्राहियों का प्रशिक्षण कार्य प्रगति पर है। पात्र हितग्राहियों को रोजगार मेले के माध्यम से विभिन्न फर्म,उद्योगों में कुल 78 रिक्त पदों के विरुद्ध उनके रुचि अनुसार रोजगार प्रदाय किया जा चुका है। कौशल विकास योजना के तहत अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करने हेतु जिले में स्थापित विभिन्न आईटीआई प्रशिक्षण संस्थानों का चयन कर टीपीआई के रुप में पंजीयन कर कौशल प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। इन संस्थानों में पलम्बर, डीजल मैकेनिक, वेल्डर इत्यादि कोर्स में प्रशिक्षण हेतु हितग्राहियों के चयन की कार्यवाही प्रगतिरत है।

## फिल्म डबल आईस्मार्ट का नया पोस्टर जारी, संजय दत्त की दिखी झलक




संजय दत्त बॉलीवुड इंडस्ट्री के काफी नामी एक्टर हैं। उन्होंने कई अच्छी फिल्मों में दमदार एक्टिंग की है। संजय दत्त ने साउथ स्टार यश की फिल्म केजीएफ 2 में काम किया था जिसके बाद वह एक बार फिर पैन इंडिया फिल्म में नजर आएंगे। वह डायरेक्टर पुरी जगन्नाथ की फिल्म डबल इस्मार्ट में देखे जाएंगे। साउथ सिनेमा की हिट मशीन कहे जाने वाले पुरी जगन्नाथ ने ऑडियंस को कई मनोरंजक कंटेंट वाली फिल्मों से नवाजा है। किसी भी सीन को बारीकी से फिल्माने का उनका अंदाज बाकी निर्देशकों से काफी अलग और हटकर है। संजय दत्त पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म डबल आईस्मार्ट को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसका निर्देशन पुरी जगन्नाथ द्वारा किया जा रहा है।



## स्टार परिवार अवार्ड्स में पहली बार परफॉर्म करेंगी भाविका शर्मा

शो गुम है किसी के प्यार में में सावी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस भाविका शर्मा ने स्टार परिवार अवार्ड्स में परफॉर्म करने के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। स्टार प्लस ने स्टार परिवार अवार्ड्स की घोषणा की है। यह पांच साल के अंतराल के बाद वापस आने के लिए तैयार है।

भाविका स्टंट करती नजर आएंगी और बॉलीवुड गानों पर डांस करेंगी। इसी के बारे में बात करते हुए भाविका ने कहा, मैं स्टार प्लस फैमिली और स्टार परिवार अवार्ड्स का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह पहली बार है जब मैं स्टार परिवार अवॉर्ड्स में परफॉर्म करूंगी।

उन्होंने कहा, पांच साल बाद अवॉर्ड्स वापस आ रहे हैं। मैं इनसे जुड़कर सौभाग्यशाली हूं। 12 घंटे तक शूटिंग करने के बाद मैं रिहर्सल के लिए गयी। बिना कष्ट किये फल नहीं मिलता। इसमें बहुत मेहनत की है।

भाविका ने कहा कि वह दर्शकों द्वारा स्टार परिवार अवार्ड्स का जादू देखने का इंतजार नहीं कर सकती।

स्टार परिवार अवार्ड्स में रूपाली गांगुली, प्रणाली राठौड़, शक्ति अरोड़ा, भाविका शर्मा, सयाली सालुंखे, विजयेंद्र कुमेरिया, अविनाश मिश्रा, नेहा सोलंकी और कई अन्य कलाकार मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में स्टार प्लस के शो के कलाकारों द्वारा परफॉर्मेंस और एक्ट किए जाएंगे। स्टार परिवार अवार्ड्स 1 अक्टूबर को स्टार प्लस पर प्रसारित होंगा।

## साड़ी के साथ इतना रिवीलिंग ब्लाउज पहन आईं दिशा पाटनी, बढ़ा दिया पारा

### बोल्ड कपड़े पहनने का दिशा पाटनी एक भी मौका नहीं छोड़ती है. कुछ दिन पहले दिशा नीता अंबानी और मुकेश अंबानी के घर आए बप्पा का आशीर्वाद लेने इतने एक्सपोजिंग कपड़ों में गई थीं कि खूब ट्रोल हुई थीं.

अब दिशा ने अपनी इस ट्रोलिंग वाले लुक की फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की है. इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने साड़ी के साथ रिवीलिंग ब्लाउज पहनकर परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए दिखीं.

इस फोटो में दिशा पाटनी प्लेन लाइट कलर की साड़ी के साथ हैवी वर्क वाली ब्रालेट पहने दिखीं. ये ब्रालेट इतनी ज्यादा हैवी वर्क वाली और रिवीलिंग है कि उनके लुक को देखकर आप भी शॉक्ड हो जाएंगे. दिशा इस रिवीलिंग ब्रालेट को पहनकर कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देती दिखीं. इन तस्वीरों में दिशा पाटनी हैवी वर्क के ब्रालेट के साथ प्लेन कलर की साड़ी पहने नजर आ रही हैं. इस साड़ी को एक्ट्रेस ने इस तरह से बदन पर लपेटा है कि वो उन्हें और भी बोल्ड लुक दे रहा है. दिशा ने फ्रंट साइड से पल्लू को थोड़ा खिसकाकर कैमरे के सामने डीपनेक फ्लॉन्ट किया. एक्ट्रेस की ये फोटोज देखते ही देखते हर तरफ छा गई. वहीं उनकी करीबी दोस्त मौनी रॉय ने कमेंट में लिखा- कितनी सुंदर.

इससे पहले दिशा पाटनी व्हाइट कलर की रिवीलिंग ड्रेस पहनकर कैमरे के सामने अपने हुस्न का जादू चलाती दिखीं. एक्ट्रेस की ये ड्रेस काफी टाइट और हद से ज्यादा छोटी थी. बावजूद इसके दिशा इस ड्रेस को पहनकर कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक फोटोज खिंचवाने में झिझकी नहीं. वर्कफ्रंट की बात करें तो आखिरी बार एक विलेन रिटर्न्स में नजर आई थीं।



## विराज डोबरियाल की नकारात्मक छवि से परेशान नहीं हैं करणवीर बोहरा



टेलीविजन शो सौभाग्यवती भव : नियम और शर्तें लागू में विराज डोबरियाल की भूमिका निभाने के लिए अभिनेता करणवीर बोहरा तैयार हैं। उन्?होंने कहा कि वह अब शो में अपनी नकारात्मक छवि से परेशान नहीं होते।

अभिनेता ने यह भी याद किया कि कैसे पहले वह अपनी नकारात्मक छवि को साफ करने के लिए हरसंभव प्रयास करते थे क्योंकि लोग यह मानने लगे थे कि वह बिल्कुल उनके किरदार विराज की तरह है।

अभिनेता करणवीर बोहरा ने कहा, जब पिछला सीजन समाप्त हुआ, तो मुझे एक मुश्किल स्थिति का सामना करना पड़ा। भले ही मैंने विराज डोबरियाल की भूमिका बहुत अच्छी तरह से निभाई थी, लेकिन कुछ अप्रत्याशित हुआ।

लोग सोचने लगे कि मैं असल जिंदगी में बिल्कुल विराज जैसा हूं। लोगों ने मुझे इस किरदार से जोड़ना शुरू कर दिया, उनका मानना था कि मैं असल जिंदगी में विराज जैसा ही हूं। यह मेरे लिए व्यक्तिगत और पेशेवर तौर पर एक चुनौतीपूर्ण समय था।

अपनी सार्वजनिक छवि को भुनाने की करणवीर की यात्रा को विभिन्न रियलिटी शो में भागीदारी सहित जान-बूझकर किए गए प्रयासों द्वारा चिह्नित किया गया था। वह दुनिया को यह दिखाने के लिए कृतसंकल्प थे कि वह दुष्ट विराज नहीं बल्कि अपनी कला के प्रति प्रतिबद्ध अभिनेता हैं।

## सनी कौशल ने अपना हिप-हॉप सॉन्ग झंडे किया रिलीज



अभिनेता सनी कौशल ने अपने पहले हिप-हॉप गाने झंडे के साथ संगीत में कदम रख दिया है। सनी ने न सिर्फ गाना गाया है, बल्कि गाना लिखा है और संगीत निर्माता भार्ग काले के साथ काम भी किया है। झंडे सभी प्रमुख म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

सनी ने इस नई शुरुआत के लिए अपना जन्मदिन चुना क्योंकि यह संगीत बनाने के उनके लंबे समय के जुनून की खोज करके एक तरह के पुनर्जन्म का प्रतीक है। यह गाना शिद्दत अभिनेता के लिए एक नई यात्रा की शुरुआत करता है, जिसका लक्ष्य अपने स्वतंत्र यूट्यूब चैनल सनसनीखेज़ के माध्यम से कई और अनकहे शब्दों और गीतों को रिलीज़ करना है। अभिनेता ने बताया, मैं करना ओहि जो मैनु पसंद, पर दुनिया ये कैंदी झंडे तू गड्डु। झंडे का गीतात्मक वीडियो अब बाहर है। सुनें, आनंद लें! मुझे जन्मदिन की शुभकामनाएं।

## मृणाल ठाकुर की आंख मिचौली का ट्रेलर जारी, 27 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म




बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म आंख मिचौली को लेकर चर्चा में हैं।इसमें उनके अलावा अभिमन्यु, परेश रावल, शरमन जोशी, दिव्या दत्ता, अभिषेक बनर्जी, दर्शन जरीवाला, ग्रुशा कपूर और विजय राज जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने आंख मिचौली का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो कॉमेडी से भरपूर है।मृणाल और परेश की जबरदस्त अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।

फिल्म आंख मिचौली का निर्देशन उमेश शुक्ला द्वारा किया जा रहा है और फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। आशीष वाघ इसके निर्माता हैं।आंख मिचौली इसी साल 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। बता दें, कुछ दिन पहले निर्माताओं ने आंख मिचौली का पहला पोस्टर जारी किया था, जिसमें सभी कलाकार मस्ती भरे अंदाज में नजर आए।आंख मिचौली के बाद मृणाल पूजा मेरी जान में नजर आएंगी। 2 मिनट 48 सेकंड के आंख मिचौली के इस ट्रेलर को देखने के बाद आपको वाकई मजा आने वाला है। मृणाल ठाकुर इस मूवी में पारो का किरदार कर रही है, जिसे शाम होने के बाद दिखाई देना बंद हो जाता है। इसके अलावा परेश रावल, अभिषेक बनर्जी, दिव्या दत्ता, शरमन जोशी और अभिमन्यु दसानी जैसे कलाकार भी इस ट्रेलर में अपनी-अपनी भूमिकाओं के साथ दर्शकों का ध्यान खींचते हुए नजर आ रहे हैं।

# खेल



*हांगझोउ। 19वें एशियन गेम्स का आज 7वां दिन है। चीन के हांगझोउ में चल रहे इन गेम्स में शनिवार को रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने चीनी ताइपे के एन-शुओ लियांग और त्सुंग-हाओ हुआंग के खिलाफ तीसरा सेट टाई-ब्रेकर जीतने के साथ टेनिस मिक्स्ड डबल्स में गोल्ड मेडल जीत लिया है। इससे पहले, शूटिंग में सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। शूटिंग गोल्ड के हुए मुकाबले में सरबजोत और दिव्या को चीन की जोड़ी झांग बोवेन और जियांग रैनक्सिन से 16-14 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उन्हें सिल्वर से संतोष करना पड़ा।*

## एशियाड टेनिस मिक्स्ड डबल्स में भारत को गोल्ड

### बोपन्ना और रुतुजा की जोड़ी जीती; 9 गोल्ड के साथ अब तक कुल 35 मेडल आए

भारत अब तक 35 मेडल जीत चुका है। इसमें 9 गोल्ड, 13 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज शामिल है। भारत मेडल टैली में पांचवां नंबर पर है।

### टाईब्रेक क्या है?

दो टेनिस प्लेयर्स के बीच टाई के विजेता का फैसला करने के लिए टाईब्रेक खेला जाता है। एक बार जब सेट 6 -6 तक बराबर हो जाता है, तो खिलाड़ी टाईब्रेक शुरू करते हैं और सात पॉइंट्स हासिल करने वाला पहला खिलाड़ी टाईब्रेक और सेट जीतता है। यदि खिलाड़ी 6-पॉइंट-टू-6 पर बराबर होते हैं, तो लगातार 2-पॉइंट मार्जिन वाला पहला खिलाड़ी जीत जाता है।



टेनिस: गोल्ड
रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले

एशियन गेम्स में 10-पॉइंट टाईब्रेकर खेला गया। इसके नियम लगभग क्लासिक टाईब्रेकर के समान हैं, इसमें अंतर यह है कि जो खिलाड़ी दो-पॉइंट मार्जिन के साथ 10 पॉइंट तक पहुंचता है वह जीत जाता है। यदि स्कोर 10-10 से बराबर हो गया है तो यह तब तक जारी रहता है जब तक कि एक खिलाड़ी के पास दो पॉइंट्स की बढ़त न हो जाए।

### भारत के शूटिंग में हुए 19 मेडल

हांगझोउ एशियाड में अब भारत के 19 मेडल हो गए हैं। जिनमें 6 गोल्ड, 8 सिल्वर, 5 ब्रॉन्ज शामिल है।। यह गेम्स के 72 साल के इतिहास में हमारा शूटिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। निशानेबाजों ने 2006 गेम्स का रिकॉर्ड तोड़ा। तब दोहा गेम्स में शूटिंग में 3 गोल्ड, 5 सिल्वर, 6 ब्रॉन्ज सहित कुल 14 मेडल जीते थे। बॉक्सिंग के 75 किग्रा कैटेगरी में लवलीना बोरगोहेन भी सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। लवलीना ने क्वार्टरफाइनल में कोरिया की सुयेन सेओंग को 5-0 से हराया।

## एक नजर

### एशियाड के छठे दिन शूटर्स ने दिलाए दो गोल्ड

#### भारत को मिले 8 मेडल; बॉक्सिंग में निखत ने ओलिंपिक कोटा भी लिया

**हांगझोउ।** इन मेडल के सहारे ओवरऑल मेडल टैली में भारत के मेडल की संख्या 33 हो गई है। इनमें इनमें 8 गोल्ड, 12 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत टैली में चौथे पायदान पर है। भारतीय शूटर्स ने दो गोल्ड और 3 सिल्वर के साथ दिन की शानदार शुरुआत की। इसके बाद टेनिस में रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी की जोड़ी ने सिल्वर हासिल किया। फिर स्क्वॉश में भारतीय मेंस टीम ने ब्रॉन्ज दिलाया। दिन का आखिरी मेडल शॉटपुट में आया। विमेंस शॉटपुट इवेंट में किरण बालियान ने 17.36 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे नंबर पर रह कर ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके साथ ही भारतीय मेंस बैडमिंटन टीम ने नेपाल को 3-0 से हराते हुए 37 साल बाद एशियाड का मेडल पक्का किया। शाम को बॉक्सर निखत जरीन ने 50 KG वेट कैटेगरी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर एक मेडल तय कर लिया। इतना ही नहीं, निखत ने पेरिस ओलिंपिक-2024 का कोटा भी हासिल भी किया।



## भारत 1S इंग्लैंड वर्ल्ड कप वॉर्म-अप मैच

### *बारिश के कारण खेल शुरू होने में देरी, भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी*

भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे वर्ल्ड कप का वॉर्म-अप मुकाबला बारिश के कारण शुरू नहीं हो सका है। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम को कवर्स से ढंका गया है।

ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के बीच शनिवार का दूसरा वॉर्म-अप मुकाबला भी बारिश के कारण ही शुरू नहीं हो सका। दोनों के बीच तो टॉस तक नहीं हो सका है। ये मुकाबला तिरुअनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है।




### भारत और इंग्लैंड टीमों का स्क्वॉड

*भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी।*

*इंग्लैंड- जोस बटलर (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, डेविड मलान, जो रूट, मोईन अली, सैम करन, लियम लिविंगस्टन, बेन स्टोक्स, डेविड विली, क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, आदिल रशीद, रीस टॉप्ली और मार्क वुड।*

*भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक 106 वनडे मुकाबले हुए हैं। भारत ने 57 और इंग्लैंड ने 44 मैच जीते। 3 मैच नो रिजल्ट और 2 टाई रहे, हालांकि वॉर्म-अप मैच की गिनती रिकॉर्ड बुक में नहीं होती, लिहाजा इस मैच के रिजल्ट से कोई भी हेड-टु-हेड रिकॉर्ड नहीं बदलेगा।*

वर्ल्ड कप सीरीज, पार्ट-5-

## इंग्लैंड सबसे उम्रदराज, 4 टीमों की औसत उम्र 31
## 18 साल का अफगानी स्पिनर टूर्नामेंट में सबसे युवा




भारत में वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। इस समय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी 10 टीमें वॉर्म अप मैच खेल रही हैं। हर टीम के स्क्वॉड में 15-15 खिलाड़ी हैं। यानी कुल 150 खिलाड़ी टूर्नामेंट में शिरकत कर रहे हैं। इनमें 18 साल के अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद सबसे युवा हैं, जबकि 39 साल के डच प्लेयर वेज्ली बारेसी सबसे उम्रदराज हैं।

इंग्लैंड टीम की औसत उम्र 31 साल 4 महीने है, जो 10 टीमों में सबसे ज्यादा है। वहीं 24 साल की औसत उम्र के साथ अफगानिस्तान की टीम सबसे युवा है। इस स्टोरी में हम टूर्नामेंट की सभी 10 टीमों का एज एनालिसिस जानेंगे।


डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड वर्ल्ड कप की सबसे उम्रदराज टीम है। टीम की औसत उम्र 31 साल 4 महीने है। टीम के 11 खिलाड़ियों की उम्र 30 साल से ज्यादा है।

36 साल के मोईन अली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं, वह टीम में शामिल 36 साल के डेविड मलान से ढाई महीने बड़े हैं। 24 साल के हैरी ब्रूक सबसे युवा खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया की औसत उम्र 31 साल 2 महीने है। टीम के भी 11 खिलाड़ियों की उम्र 30 साल से ज्यादा है, वहीं एक ही खिलाड़ी 25 से कम उम्र का है। 36 साल के लेफ्ट हैंड बैटर डेविड वॉर्नर टीम के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं, वहीं 24 साल के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन सबसे युवा हैं। ट्रैविस हेड (29), मार्नस लाबुशेन (29) और जोश इंग्लिस (28) ही 30 से कम उम्र के बाकी 3 खिलाड़ी हैं।

## न्यूजीलैंड ने छक्का लगाकर जीता वर्ल्ड कप का वार्म-अप मैच

### 345 रन बनाकर भी 5 विकेट से हारा पाकिस्तान; बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराया

न्यूजीलैंड ने वर्ल्ड कप से पहले वॉर्म-अप मैच में अपने इरादे जाहिर कर दिए। शुक्रवार को उसने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया। मार्क चैपमन ने कीवी टीम को छक्का जमाकर जीत दिलाई। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम (उप्पल) में फैंस की गैरमौजूदगी में न्यूजीलैंड ने 346 रनों का टारगेट 42 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम के चार बैटर्स ने फिफ्टी जमाई। एक अन्य मुकाबले में बांग्लादेश ने श्रीलंका पर 7 विकेट जीत हासिल की। साउथ अफ्रीका-अफगानिस्तान का मैच बारिश में धुल गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 345 रनों का टारगेट दिया। मोहम्मद रिजवान (103 रन) शतक जमाकर रिटायर हुए। कप्तान बाबर आजम ने 80 और सऊद शकील ने 75 रन की पारी खेली। सलमान अली आगा ने 33 रन बनाए। जवाबी पारी में न्यूजीलैंड की ओर रचिन रवींद्र (97 रन), केन विलियमसन (54 रन), डेरिल मिचेल (59 रन) और मार्क चैपमन (नाबाद 65 रन) ने अर्धशतक जमाए। जिमी नीशम ने 21 बॉल पर 33 रन की पारी खेली। पाकिस्तान की तरफ से उसामा मीर ने 2 विकेट लिए। शाहीन शाह आफरीदी इस मैच में नहीं खेले।



# आक्रोश ग्रामीणों ने आंदोलन का रुख अख्तियार कर रामपुकार सिंह को दिखाया काला झंडा

## कहा विधायक वापस जाओ, रोड नहीं तो वोट नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।





पत्थलगांव में कांग्रेस विधायक रामपुकार सिंह लगातार वन अधिकार पट्टा के विवादों से घिरे रहने के बाद आज उनकी मुश्किलें और भी बढ़ती दिखाई दे रही जहां कांग्रेस का गढ़ और बोर्ड बैंक है जाने वाले आदिवासी क्षेत्र में आज शनिवार को लुड़ेग,पेमला,बाग बहार जमरगी और गोढ़ी के दौरे पर है इस दौरान क्षेत्र की सड़क,सामुदायिक अस्पताल आदि का भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम किया जा रहा था जैसे ही विधायक गोढ़ी पंचायत पहुंचकर गोढ़ी से हर्राबहार पहुंच मार्ग का भूमि पूजन करने पहुंचे यहां पहले से ही रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए सैकड़ों महिलाएं पुरुष कार्यक्रम स्थल पहुंचकर विधायक वापस जाओ का नारा लगाते हुए काला झंडा दिखाना शुरू कर दिए, कार्यक्रम में मौजूद विधायक एव उनके साथ आये कार्यकर्ताओ ने नारेबाजी कर रहे लोगों को उनकी सड़क समस्या को लेकर बात करने का निवेदन किया गया और सड़क बनवाने का आश्वासन दिया जाने लगा लेकिन आंदोलित ग्रामीण उनके आश्वासन को अनसुना कर कार्यक्रम का बहिष्कार कर नारे बाजी करते हुवे वहा से चल दिए, बता दे की कई वर्षो से झींगरेल जमरगी बी, रेडे, बिच्छीकान, वनगांव पंचायत को जोड़ने वाली कच्ची सड़क आज तक नहीं बनी है। जिसकी वजह से ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार करते हुवे आन्दोलन का रुख अख्तियार कर दिया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से चुनाव बहिष्कार की बात कही है। रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ मतदान करने से इनकार किया है। चूँकि विधायक रामपुकार सिंह क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक के साथ-साथ सबसे छ्ग के सबसे वरिष्ठ विधायक भी है ऐसे में उनके साथ उनके ही विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा इस तरह का आकस्मिक बर्ताव ने सबको चौंका दिया। इस आंदोलित दृश्य का अनुमान न तो प्रशासन को थी और नहीं कांग्रेस को काला झंडा का विरोध का यह दृश्य पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र में अप्रत्याशित है खासकर वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह के लिए इस दृश्य ने विधायक को भी सोचने को मजबूर कर दिया की आखिर क्या वजह रही होगी की जिन ग्रामीणों ने उन्हें लगातार 40 साल से पलकों में बैठाये रखा और अचानक उनके खिलाफ काला झंडा लेकर खड़े हो गए आपको बता दे की जिले की पुलिस प्रशासन इस मौके पर पर्याप्त दल बल के साथ पूरी तरह मुस्तेद थी जिसकी वजह से कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हो सकी, बता दे की जिस कच्ची सड़क को पक्का बनाने की मांग ग्रामीण कर रहे है वह सड़क लोक निर्माण विभाग में प्रस्तावित है लेकिन ग्रामीण उसके टेंडर में लेट लतीफी को लेकर कार्य शुरू होने को लेकर संशय में है, इधर विरोध होता देख विधायक जी ने वहां से निकल गए।

## एक नजर

### जिलेवासियों के लिए बरदान सावित हो रहा गौमती देवी हॉस्पिटल

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




सक्ती शहर का बेरिवाली मंदिर के पास नव निर्मित गोमती देवी हॉस्पिटल सक्ती जिले वासियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, स्वास्थ्य संबंधित आधुनिक उपकरणों के साथ बेहतर चिकित्सा के लिए गोमती देवी हॉस्पिटल बहुत ही कम समय में लोगों का विश्वास जितने में सफल हुआ है। सक्ती शहर की बदहाल हो चुकी स्वास्थ्य व्यवस्था किसी से छिपी नही है लोगो को छोटे से छोटे बीमारी की जांच के लिए कोरबा, बिलासपुर, रायपुर और रायगढ़ जैसे बड़े शहरों की तरफ रुख करना पड़ता था जिससे समय के साथ रुपयों की भी बर्बादी होती थी लेकिन अब सक्ती शहर में गोमती देवी हॉस्पिटल के खुल जाने से लोगो को काफी राहत मिली हैखासकर महिलाओं को जिन्हें डिलीवरी सहित स्त्री जनित रोगों के लिए बड़े शहरों के स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास जाना पड़ता था। गोमती देवी हॉस्पिटल के डायरेक्टर गोपाल अग्रवाल ने बताया कि उनके हॉस्पिटल में आटोमेटिक पैथोलेब, एक्स-रे सोनोग्राफी, ईसीजी डायलिसिस सीटीजी के साथ चौबीसों घंटे एम्बुलेंस की सेवा उपलब्ध है साथ ही मरीजो के बेहतर इलाज के लिए हर वक्त विशेषज्ञ मौजूद रहते है। अनुभवी मेडिकल स्टाफ और सुसज्जित वार्ड मरीजो को यह अहसास कराते है कि वे किसी हॉस्पिटल में नही बल्कि अपने घर पर बेडरेस्ट कर रहे है और उनका यही एहसास उन्हें जल्द स्वस्थ होने में मदद करते है।

### जल प्रदाय संयंत्र व पाइपलाइन के कार्यों का शुभारंभ कर, ग्रामवासियों को विधायक ने दी बड़ी सौगात

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



जलजीवन मिशन के तहत खर्रा, इन्दरपुर, चिकनी जल प्रदाय सयन्त्र स्थापित करने एंव पाईप लाइन कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने ग्राम खर्रा के रेण नदी तट पर जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत खर्रा इन्दरपुर चिकनी जल प्रदाय 2044.47 करोड़ रुपये लागत से शैयन्त्र स्थापित करने एंव पाईप लाइन के कार्य का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े द्वारा किया गया। जिससे ग्राम खर्रा, पालदनौली, ओड़गी, कालामंजन, गिरजापुर, इन्दरपुर, रामपुर, चबदा, धुर, बभना, आनंदपुर, भवरखोह, कुप्पा, गंगोत्री, लांजित, मयुर्धककी ग्राम के ग्रामवासी लाभान्वित होंगे आने वाले समय मे पीने हेतु शुद्ध पेय जल प्राप्त होगा तथा उसी स्थल से ग्राम पंचायत कुदरगढ़ रीपा में 49.99 लाख से बनने वाले प्रशिक्षण भवन कार्य का भूमिपूजन किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए राजवाड़े ने कहा की आने वाले समय मे और तेजी से विकास कार्य किए जाऐगें। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत मोबाईल फोन भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मनिहारिलाल पैकरा अध्यक्ष जनपद पंचायत ओड़गी, शिवबालक राम यादव उपाध्यक्ष, रावेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप राजवाड़े, लवकेश गुर्जर सभी लाभान्वित 19 ग्राम पंचायत क्षेत्र की जनता जनप्रतिनिधि, एसडीओ पीएचई, सीईओ रणवीर साय, तहसीलदार सालिकराम गुप्ता, पंचायत इंस्पेक्टर सभी ग्रामों के सचिव गण सहित स्थानीय जन उपस्थित रहे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बालक की मौत

**कोरबा** । ग्राम पसान में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक बालक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पसान के भर्रापारा में निवासरत दीपक कुमार समीप के एक दुकान में कुछ सामान लेने गया था, तभी मौसम में परिवर्तन आया और तेज आकाशीय गर्जना के साथ बिजली चमकी।

पांच साल की मासूम के साथ दुष्कर्म

## भाजपाइयों ने किया थाने का घेराव, पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा देने की मांग

**धरसींवा** । धरसींवा में 5 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस व अस्पताल प्रबंधन पर लापवाही का आरोप लगाते हुए भाजपाइयों ने पुलिस थाने का घेराव किया. पूर्व विधायक देवजीभाई पटेल, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाओं एवं ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर विरोध प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकाला. इसके बाद थाने का घेराव किया.

जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव ने कहा कि घटना दो बजे की थीरु बाइक से पीड़िता के पिता 3 बजे पीड़िता को धरसींवा के शहीद योगेंद्र शर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, लेकिन रात 9 बजे तक उसका समुचित उपचार नहीं किया गया. 6 घंटे तक पीड़िता धरसींवा अस्पताल में ही तड़पती रही. रात 9 बजे भी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हुई. तब पुलिस वाहन से पीड़िता को और जिला पंचायत सदस्य के वाहन से उनके परिजनों को मेकाहारा पहुंचाया गया, जहां पीड़िता की हालत गंभीर बनी हुई है.

जिला पंचायत सदस्य राकेश ने कहा कि पीड़िता का समुचित उपचार किसी बड़े निजी अस्पताल में कराया जाए. 50 लाख का मुआवजा पीड़िता के परिजनों को दें और पुलिस व अस्पताल प्रबंधन के लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए.

## जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर ने वेटनरी वैन का पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत असौंदा में जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर ने 30 सितंबर को पशु चिकित्सा विभाग के लिए वेटनरी वेन का पूजा अर्चना कर हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महती योजना है। हम सब गायों की पूजा करते है और उनकी देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस वाहन के आने से पशु चिकित्सा में सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना का प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सभी पशुओं को वक्त पर बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। जिसके लिए इस योजना के तहत चिकित्सा वाहन के द्वारा बीमार पशुओं को गौठानों के माध्यम से ट्रीटमेंट दिया जाएगा। क्षेत्र के कोई भी पशुपालक अपने पशुओं के बीमार होने पर टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर पशुओं का समय पर इलाज करवा सकेंगे, इससे पशु संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। विकासखण्ड में प्रतिदिन दो गौठानों में मोबाईल वेटनरी यूनिट पहुंचेगी। इससे पूर्व पशुपालकों को सूचित कर दिया जाएगा कि वे अपने पशुओं का स्वास्थ्य जांच टीकाकरण, बधियाकरण, लघु शल्य क्रिया, कृत्रिम गर्भाधान नि:शुल्क करा सकते है। इस अवसर पर डॉ. सरिता जायसवाल, स्वराज भारद्वाज, सरपंच विरेन्द्र कुमार राठौर लाला, कमलेश ठाकुर पंच जामपाली सरपंच बड़ी संख्या में ग्राम असौंदा के ग्रामीणजन व पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनता सहित गौवंश की सेवा के लिए तत्पर रहते जनपद अध्यक्ष

जनपद अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश राठौर ने केवल क्षेत्र की जनता बल्कि गौवंश की बेहतरी के लिए भी काम करते है। कार्यक्रम के आखिर में राजेश राठौर ने छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

## दिए गए निर्देशों पर शीघ्रता से पालन सुनिश्चित करें सांसद- ज्योत्सना महंत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



### दिशा समिति की बैठक संपन्न

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद महंत ने निर्देशित किया कि जिले में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएं। उन्होंने जिले के दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य, विद्युत और शिक्षा जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने सिकलसेल की जांच करने, एनिमिया पीड़ित महिलाओं को पोषण आहार प्रदान करने, स्कूलों में बच्चों को गर्म एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन देने दिव्यांगजनों को पात्रतानुसार दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, स्कूलों में विद्यार्थियों के बैठने हेतु टाटपट्टी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सौरभ कुमार ने दिए गए निर्देशों का पालन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। दिशा समिति की विगत बैठक में सांसद महंत ने पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। सांसद महंत ने कोरबा जिले में मनरेगा के कार्यों की जानकारी ली और जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र में आवश्यकतानुसार कार्यों का प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत कार्यों को समय पर कार्य पूरा करने के साथ समय पर मजदूरी भुगतान के निर्देश दिए। सांसद ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी तथा जिले में कराएं गए कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने कहा। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली और दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सक तथा मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद महंत ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, रूरबन मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, एकीकृत बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्कूल शिक्षा विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग, सांख्यिकी विभाग, नगर पालिक निगम अंतर्गत संचालित आवास एवं पेयजल तथा स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विधायक कटघोरा पुरूषोत्तम कंवर, विधायक पाली.तानाखार मोहित राम केरकेट्टा, राज्य खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई, जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर, जिला पंचायत सदस्य गणराज सिंह कंवर सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारीगण और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## जिला उपाध्यक्ष, सरपंच, विजय,विक्की पटेल एवं युवा कांग्रेसियों के ज्ञापन का हुआ असर क्षेत्रवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग हुई पूरी

### विधायक उत्तरी जांगड़े के प्रयास से शक्ति बाजार से मुख्य मार्ग सालर तक नवीनीकरण सड़क की शासन से मिली स्वीकृति

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




सालर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शक्ति बाजार सेमरापाली से मुख्य मार्ग सालर तक की सड़क एकदम जर्जर अवस्था में पहुंच गयी थी। जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जिसको ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत छातादेई के युवा सरपंच एवं जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ विजय विक्की पटेल ने विधानसभा स्तरीय भारत जोड़ों पदयात्रा के दौरान अपने युवा कांग्रेस के साथी मयंक पटेल उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस विधानसभा सारंगढ़ अंकित पटेल, संजय पटेल, प्रदीप पटेल, दीपक पटेल, हर्ष पटेल, मनीष पटेल, नवीन साहू, किशन साहू, शिवा पटेल, कमलेश थूरिया, विकास पटेल, राजू सिदार के साथ सारंगढ़ क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े को सड़क की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए विजय विक्की पटेल ने विधायक को सड़क की नवीनीकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया था इतना हीं नहीं जब सड़क एकदम जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी थी और आवागमन में काफी समस्या आ रही थी उसे देखते हुए विजय विक्की पटेल ने आवागमन की समस्याओं का त्वरित समाधन हेतु स्वयं के व्यय पर पूरे मार्ग में डब्लू बी एम एवं मुरुम बिछवाया था। जिससे आवागमन मे लोगों को और क्षेत्रवासियों को कुछ राहत जरूर मिली थी ज्ञापन के फ्लस्वरूप विजय विक्की पटेल के ध्यानाकर्षण एवं विधायक उत्तरी जांगड़े के प्रयास से सालर मुख्य मार्ग से शक्ति बाजार तक लगभग 3 किमी की दूरी के लिए शासन द्वारा 41.21 लाख की शासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है जिसके लिए विजय विक्की पटेल एवं क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं सारंगढ़ की लोकप्रिय विधायक उत्तरी जांगड़े का आभार व्यक्त किया है।

## भीम आर्मी द्वारा सरसीवा विधायक चंद्रदेव राय के साथ मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

जोहार छत्तीसगढ़-गिधौरी।






जिला अध्यक्ष आपुर बंजारे, ब्लॉक प्रभारी बिलाईगढ़ अमन कुमार अम्बेडकर, बिलाईगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सुशील अनंत के नेतृत्व में भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ जिला इकाई सारंगढ़ बिलाईगढ़ ब्लॉक बिलाईगढ़ की टीम द्वारा सरसीवा के बस स्टैंड में 8 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्य मंत्री भूपेश बघेल बिलाईगढ़ के क्षेत्रीय विधायक चंद्रदेव राय का जन आक्रोश रैली निकाल कर सरसीवा में पैदल मार्च निकालकर बस स्टैंड पर पुतला दहन किया। भीम आर्मी सारंगढ़ के साथ बिलाईगढ़ के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे। भीम आर्मी सारंगढ़ बिलाईगढ़ की मांगे बिना किसी कारण को स्पष्ट किये बिना भीम आर्मी छत्तीसगढ़ प्रदेश अक्ष्यक्ष राजकुमार जांगड़े जी बिलासपुर पुलिस द्वारा पकड़कर बर्बरतापूर्वक 17 जुलाई 2023 को जेल भेजने का कार्य किया गया जहां 4 दिन तक जेल में बंदी बनाकर रखा गया था। उक्त घटना की जानकारी स्पष्ट किया जाए। छग में हो रहे अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ उत्पीड़न पर छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री का मौन रहना। पूरे देश में हो रहे महिलाओं के साथ अन्याय अत्याचार और शोषण के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मौन रहना। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार अघोषित बिजली कटौती।

बिलाईगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत सरसीवा से विधायक निवास ग्राम बालपुर से कोसीर तक के रोड का आज तक पूर्ण रुप से जर्जर स्थिति है। जहां उस रोड में अनेकों गांव के ग्रामीणों का आवागमन होता है, उस रोड को जल्द ही बनाया जाए अन्यथा भीम आर्मी बिलाईगढ़ द्वारा चक्काजाम या एसडीएम कार्यालय घेराव किया जाएगा। बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत की लगभग सभी कार्यालयों में कर्मचारियों की अनुपस्थिति एवं बढ़ते भ्रष्टाचार जो चरम पर है। इस विषय पर तत्काल कार्यवाही करें। बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत के सभी थानों में पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधियो को संरक्षण एवं अवैध कारोबार को संरक्षण। बिलाईगढ़ के बस स्टेशन में सामुदायिक सुलभ सौचालय का निर्माण किया जाए साथ ही भटगांव नगर पंचायत के नवीन बस स्टैंड का संचालन किया जाए, ठीक उसी प्रकार ग्राम पंचायत सरसीवा में नवीन बस स्टैंड बनकर उत्घाटन हो गया है जहां बस स्टैंड का संचालन के लिए आदेशित किया जाए।

# क्रिप्टोकेरेंसी में पागलों की तरह निवेश करके लाखों करोड़ों डूबा रहे हैं

## यह डिजिटल प्लेटफार्म चिटफंड कंपनी से भी ज्यादा खतरनाक पढ़िए ये डिजिटल प्लेटफार्म कितना और कैसे खतरनाक है

जोहार छत्तीसगढ़-गिधौरी।

पुरी दुनिया में अभी क्रिप्टो में लोग लखपति और करोड़पति बनने लालच में बिना रिसर्च,अध्ययन के धड़ुले से राशि पागलों की तरह निवेश कर लाखों, करोडों गवां रहें हैं। निवेश के पहले न किसी अपने वित्तीय सलाहकार से पूछ रहे हैं, न किसी एक्सपर्ट की राय ले रहें हैं लोग खेती,बाड़ी,मकान,जेवर बेचकर पैसा लगा रहे हैं और 2 से 4 माह में ही अपनी पूरी निवेश राशि गवां रहें हैं। कई तो घर के लोगों से बिना बताएं मार्केट से रू उधार लेकर,बैंक से लोन लेकर धड़ुले से पैसा जमा कर रहे हैं जो चिटफंड से भी ज्यादा खतरनाक है। क्रिप्टो के जानकर बताते हैं यह डिजिटल प्लेटफार्म है इसमें रकम जमा करने पर किसी का नाम से राशि जमा नहीं होती है इसमें जमा करने के लिए डॉलर खरीदते हैं फिर संबंधित कंपनी के दिए गए जमा पता पर डॉलर जमा किया जाता है बदले में आपको बिटकॉइन ,कोइन मिलता है जिसे आपको कीमत बढ़ने का इंतजार करना है यदि जिस कीमत पर आप बवपद लिए हैं और उसकी कीमत बहुत नीचे चली जाती है तो उस समय बढ़ने का आपको इंतजार करना होगा। चूंकि क्रिप्टो का मतलब ही धैर्य रखना है। कई लोग अपने टोकन को घबराकर कम कीमत पर बेच देते हैं जिससे उनको काफी नुकसान हो जाता है। इस प्लेटफार्म में क्यों फंस रहे हैं लोग 2006-2009 में बिटकॉइन नाम का क्रिप्टो आया जिस समय उसकी कीमत 6 से 10 पैसे की थी जो पिछले 2021 के अक्टूबर में इसकी कीमत मात्र 1 बिटकॉइन बिटकॉइन की कीमत 58 लाख चली गई थी भला सोचिए की किसी ने बिटकॉइन में 100,100, में10 बिटकॉइन आया भी निवेश किया और 13 साल धैर्य रखा उसे कितना फायदा;10, 58 लाख त्र 5 करोड़ 80 लाख रुपए, हुआ होगा। इसी बिटकॉइन के लालच में लोग आंख बंद करके रू लगा रहें हैं। लोगों को ये नहीं पता की जिस क्रिप्टो में पैसा लगा रहे हैं वह टॉप 10 या टॉप 100 की सूची में आती है या नहीं सब करोड़पति



बनने के चक्कर में,लालच में बिना एक्सपर्ट के आंख मूंदकर लाखों करोड़ों रुपए निवेश कर अपना रुपया खो रहें हैं। एक्सपर्ट की माने तो क्रिप्टो में उधारी का पैसा, बैंक से लोन लेकर,खेत, जेवर, मकान बेचकर निवेश नहीं की किया जाना चाहिए वहीं पैसा निवेश किया जाना चाहिए जो खो जाए फिर भी आपके जीवन में कोई प्रभाव न पड़े मतलब कम से कम निवेश करना चाहिए।

जानकारों के अनुसार जैसे आपके पास बैंक में 10 लाख जमा है इसका 1: से 5: राशि यानी 1 हजार से 10 हजार तक राशि ही क्रिप्टो में निवेश कर सकते हैं। इसके लिए आपको करीब 5 से 10 साल तक कीमत बढ़ने का इंतजार करना पड़ सकता है। उसी राशि का निवेश करें जिसका वर्तमान में इसकी अभी कोई जरूरत न हों चूंकि क्रिप्टो मार्केट बहुत जोखिम भरा होता है आपका पैसा जीरो भी हो सकता है और करोड़ों में भी जा सकता है, इसमें कम से कम राशि जमा कर बवपद को 10 साल से अधिक के लिए होल्ड किया जाना चाहिए। क्रिप्टो के किसी प्लेटफार्म में आप रकम निवेश करना चाहते हैं तो जल्दबाजी में निवेश न करें,अपने वित्तीय सलाहकार,अपने घर के पेरेंट्स,रिश्तेदारों से सलाह लेकर,यू-ट्यूब में अध्ययन करके निवेश करना चाहिए ताकि आपका पैसा भविष्य के लिए सुरक्षित रहें। आजकल तो क्रिप्टो की आड़ में लोगों के साथ खूब धोखाधड़ी हो रही है रोज के अखबारों,न्यूज पोर्टल में आपको पढ़ने को मिलेंगे की कैसे लोग हजारों करोड़ों, के ठगी के शिकार हो रहे हैं। अभी हाल ही में एक अन्य देश की क्रिप्टो कंपनी ने भारत के लोगों से 36 हजार करोड़ रु निवेश करा लिया उत्तरप्रदेश पुलिस को सूचना मिली सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई आरोपी संचालकों को पकड़कर गिरफ्तार किया इतना ही नहीं लोगों के 36 हजार करोड़ को भी अन्य देश जाने से बचा लिया गया। सोचिए भारत का 36 हजार करोड़ अन्य देश जा रहा था इसे यूपी पुलिस ने रोक लिया।देश के अलग-अलग राज्यों में इसी तरह की कंपनी अधिक लालच का झांसा देकर लोगों से लाखों,करोड़ों निवेश कराकर अपना डिजिटल प्लेटफार्म बंद करके खरबों कमाई कर रही है। रोज रोज पूरी दुनिया में सैकड़ों टोकनबवपद लॉन्च किया जा रहा है बंद किया जा रहा है। अभी पूरी दुनिया में 20 हजार से 25000 प्रकार के बवपद है। हर रोज कुकुरमुत्ते की तरह लोगों को ठगने के लिए क्रिप्टो कंपनी खोलकर अरबों, खरबों निवेश कराकर 10 दिन से 3 माह में ही बंद करके नौ दो ग्यारह हो जा रही है।

अभी लोग टेलीग्राम से भी ज्यादा रुपए गंवा रहें हैं 100 डॉलर जमा करो 10 डॉलर रोज पाओ के ऑफर देकर क्रिप्टो की आड़ में लोगों को ठग रहे हैंएअभी डिजिटल प्लेटफार्म से पूरी तरह से लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं लोग अनजान लिंक को क्लिक करके करोड़ों रुपए गंवा रहें हैं जबकि पुलिस प्रशासन और मीडिया आम जनता, लोगों को ठगने से बचाने सचेत कर रहें हैं फिर भी लोग ऐसे लिंक को क्लिक करके लाखों, करोडों गंवा रहें हैं।सबसे ज्यादा पढ़े लिखे लोग इसके शिकार हो रहे हैं। इसी धोखाधड़ी से लोगों को बचाने,सचेत करने हमारा न्यूज पोर्टल लोगों को आगाह कर रहा है कि किसी के बोलने में न आएं क्रिप्टो से दूर ही रहें तो ठीक है या फिर निवेश कर रहे हैं तो कोई अपने वित्तीय सलाहकार से पूछ कर ही निवेश करें।

# एक नजर

## कटघोरा वनमंडल नागोई बीट में बेबी एलिफेंट की दलदल में फंसकर मौत

### कटघोरा डीएफओ सहित वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़-कोरबा।

कटघोरा वनमंडल में बेबी एलीफेंट की दलदल में फंसकर मौत हो गई है। सूचना मिलते ही कटघोरा डीएफओ सहित वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। घटना जटगा वन परिक्षेत्र नागोई बीट के गांव सलियाभाठा की है। कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार सहित वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच एवं आवश्यक कार्यवाही में जुटे हैं। कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार ने बताया कि गांव के पास हाथियों के चिघाड़ने की आवाज ग्रामीण के द्वारा सूचना दी गई मौके पर पहुंचने पर पता लगा कि कोई बेबी एलिफेंट दलदल में फंसा हुआ है हाथियों के दल हटाने के बाद मौके पर जाकर देखा गया की एक बेबी एलिफेंट तालाब के दलदल में फंस गया है। संभावना जताई जा रही है कि हाथियों का दल तालाब में पानी पीने आया हुआ था उसी दौरान दलदल में फंसने से उसकी मौत हुई है, जो लगभग 4 से 6 महीने का रहा होगा। कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत 41 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें यह एक बेबी एलिफेंट भी था, घटना लगभग रात 3 से 4 बजे की है जटगा वन परिक्षेत्र के सालियाभाटा गांव में बेबी एलीफेंट की मौत की सूचना मिली जहां तत्काल मौके पर पहुंच घटनाक्रम की जानकारी ली गई आगे की जांच कार्यवाही जारी है। मौके पर डॉक्टरों की टीम को बुलाया गया है पोस्टमार्टम के बाद सही जानकारी लग पाएगी। फिलहाल प्रथम दृष्टया दलदल में फंसने से बेबी एलिफेंट के मौत की संभावना जताई जा रही है।





## संकेत साहित्य समिति ने कवि-गोष्ठी के साथ मनाया अपना 42 वाँ स्थापना वर्ष

**कोरबा** । संकेत साहित्य समिति कोरबा इकाई ने कवि-गोष्ठी के साथ अपना 42 वाँ स्थापना वर्ष मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनुस दानियालपुरी ने की। विशेष अतिथि के तौर पर उमेश अग्रवाल, जे. पी. श्रीवास्तव, महावीर प्रसाद चन्द्रा दीन, भुवनेश्वर देवांगन नेही, इकबाल अंजान एवं अंजना सिंह मंचस्थ रहे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के पश्चात माँ शारदे की वंदना प्रस्तुत की गई एवं मंचस्थ अतिथियों का सम्मान समिति की ओर से बैच लगाकर किया गया। पंडित मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन में शुक्रवार 28 सितम्बर को आयोजित संकेत साहित्य समिति के स्थापना वर्ष की कवि-गोष्ठी के साथ हिन्दी पखवाड़े का भी समापन हुआ।

समिति के गठन पर प्रकाश डालते हुए कोरबा जिले के सचिव डॉ.कृष्ण कुमार चन्द्रा ने बताया कि बालको नगर कोरबा में इस साहित्य समिति का गठन 11 सितंबर 1981 को हुआ था । इसके प्रेरणा स्रोत एवं संस्थापक वर्तमान में राजधानी रायपुर के निवासी डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'हैं , जो अभी इस समिति के प्रांतीय संयोजक एवं अध्यक्ष भी हैं । उनके मार्गदर्शन में कोरबा जिले में यह समिति विगत् 42 वर्षों से अपनी साहित्यिक गतिविधियों के लिए समर्पित और सक्रिय है। स्थापना दिवस पर कवि-गोष्ठी का दौरान कोरबा के 35 साहित्यकारों ने अपनी हिन्दी ,उर्दू और छत्तीसगढ़ी कविताएँ पढ़ीं। शुभारंभ इकबाल अनजान की खूबसूरत ग़ज़ल से एवं समापन मो. यूनुस दनियालपुरी की बेहतरीन ग़ज़ल के साथ हुआ।

कवि गोष्ठी में एम.आर.राव, जे.पी.श्रीवास्तव, गीता विश्वकर्मा , मनीष कुमार देवव्रत कुर्रे , राधेश्याम साहू , डॉ.कृष्ण कुमार चन्द्रा , कविता जैन , जितेंद्र वर्मा , पूजा तिवारी, रशिदा बानो , मंजुला श्रीवास्तव , संतोष मिरी, ज्योति दीवान ,अर्चना साहू , कौशिल्या खुराना, रश्मि मानिकपुरी , रामकृष्ण साहू , प्रभात शर्मा, निर्मला ब्राह्मणी , इंदू देवांगन , डॉ मंजुला साहू , अंजना सिंह , अनुसूईया श्रीवास, रेशमा ठाकुर , महावीर प्रसाद चन्द्रा दीन , दरोगा दास , उमेश अग्रवाल , बलराम राठौर , भुवनेश्वर देवांगन , जगदीश श्रीवास , धरम सिंह साहू ,दीपक सिंह और बंशीलाल यादव अभिलाषी ने भी विभिन्न विधाओं में अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम संचालन मंजुला श्रीवास्तव और जितेंद्र वर्मा ने किया। अंत में संकेत साहित्य समिति के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.माणिक विश्वकर्मा नवरंग ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

# ऑपरेशन ईगल अभियान के तहत फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर गुंडा बदमाशों, फेरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। जिसके तहत दिनांक 29 सितंबर 2023 को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत थाना साजा 08 चालान में 08 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 06 चालान में 06 व्यक्ति कुल 14 चालान में 14 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया।


थाना साजा स्थायी वारंटी

जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 14 प्रकरण में कुल 4,200 रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में 22 सितंबर 2023 को बेमेतरा जिले के समस्त थानाध्चौकी के द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना परपोडी 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना साजा 03 प्रकरण में 03 व्यक्ति, चौकी देवकर 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी मारो 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति के खिलाफ धारा 110, 107,116 ;3, जाफौ के तहत कुल 10 प्रकरण में 10 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

इसी क्रम में 29 सितंबर 2023 को थाना बेमेतरा, नवागढ़ एवं खम्हरिया में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का कुल 06 प्रकरण में 06 आरोपियो के विरूद्ध धारा 36 च, एवं धारा 36;सी, आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। इसी क्रम में 30 सितंबर 2023 को थाना साजा स्टाफ के द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्र. 96/2020, अपराध क्रमांक 97/2020 धारा 294,506,323,324 भादवि में फरार चल रहे स्थायी वारंटी गुलशन माहरा पिता द्वारिका माहरा उम्र 24 साल पडकीटोला थाना साजा जिला बेमेतरा को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उक्त वारंटी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# क्यों ना 2023 के विधानसभा चुनाव में अबकी बार मानव समाज की छाप छोड़े और जाति धर्म और समाज के बंटवारे की राजनीति करने वाले नेताओं पर अपने वोट से चोट करें, और लोकतंत्र के शक्ति का आभास कराएं

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा 2023 के चुनाव के मद्देनजर सरगर्मी तेज हो गई है नेता सामाजिक संगठनों को साधने में लगे हुए हैं और घोषित हो चुके प्रत्याशी लोगों के घर-घर परिक्रमा लगाकर वोट मांग रहे हैं, कई ऐसे नेता हैं जो चुनाव नजदीक आते ही अपने शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए सामाजिक संगठनों पर भारी मेहरबान हैं, और जनता के पैसे को सामाजिक संगठनों के आड़ में बर्बाद कर समाज के वोटो पर नजरें गड़ाए हुए हैं, और समाज का बंटवारा कर रहे हैं। ऐसे नेता जो लोकतंत्र में जनमत का दुरुपयोग कर सत्ता सुख में आम जन के अधिकारों का हनन करते हैं उन्हें लोकतंत्र की शक्ति का आभास करने का सही अवसर आपके पास है। दैनिक जोहार छत्तीसगढ़ मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरुक कर रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में आपको अपने मताधिकार की ताकत से लोकतंत्र की शक्ति का आभास करना है, और अपने वोट की ताकत को पहचान करते हुए स्वयं परीक्षण करना है और ऐसे नेताओं पर जो जाति, धर्म, मजहब और समाज को टुकड़ों टुकड़ों में बांटकर राजनीति करते हैं और चुनाव के समय चंद लालच के माया मोह में फंसा कर पूरे 5 साल जनता पर हुकूमत करते हैं ऐसे मौका परस्त नेताओं को अपने वोट की मोहर लगाकर उन्हें चोट पहुंचाते हुए उनको आईना दिखाते हुए सही प्रत्याशी को चुने और बता दें कि जनता और लोकतंत्र की ताकत क्या होती है। आपको बता दें कि कोरबा विधानसभा में प्रदेश के कद्दावर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल जी का निर्वाचित क्षेत्र है बावजूद इसके कोरबा क्षेत्र में राखड़ एवं प्रदूषण की विकराल समस्या है जिससे आमजन जीवन अस्त व्यस्त है, कृषि रकबा नष्ट हो रहा है वही सरकारी जमीनों में




राखड़ डंप कर भू-माफियाओं द्वारा जमीनों की अफरा तफरी की जा रही है, जिसके कारण आने वाले समय में शासन की योजनाओं को संचालित करने के लिए शासकीय भूमि मिलना शासन को मुश्किल होगा। इसके साथ-साथ उद्योगों से निकलने वाला केमिकल युक्त प्रदूषित पानी को सीधा कोरबा की जीवन दाहिनी प्रमुख हसदेव नदी में समाहित किया जा रहा है जिससे कई प्रकार के रोग मानव एवं पशुओं में उत्पन्न हो रहे हैं। वही इस मामले में विपक्ष ने भी मौन साधे रखा है ना कोई धरना ना कोई प्रदर्शन कोरबा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन के निर्वाचन क्षेत्र और उनके निवास स्थान के पास में ही बिना परमिशन के पावर प्लांट की राख पाट कर सरकारी जमीन पर बेजा कब्जा किया जा रहा है ऐसा लगता है कि भाजपा के लोगों की भी मौन स्वीकृति है, इसके साथ-साथ अन्य स्थानीय राजनीतिक दल सहित समाजसेवी संगठन चुप्पी साधे हुए।

# युवक की चाकू मारकर हत्या करने वाले दो आरोपी चांपा स्टेशन से गिरफ्तार, अन्य की तलाश

**कोरबा** । गणेश विसर्जन के दौरान उठे विवाद के बाद एक युवक की चाकू मार कर हत्या करने वाले आरोपित समेत दो को पुलिस ने चांपा स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य आरोपितों की पतासाजी की जा रही है। हत्या की वजह मामूली विवाद है, जो गुटबाजी में बदलने के बाद प्राणघातक हो गया।

दर्री मार्ग में स्थित स्कूलपारा कोहड़िया के पास ढोढीपारा से भगवान गणेश की प्रतिमा की विसर्जन करने समिति के पदाधिकारी व युवक जा रहे थे, तभी तीन अन्य समितियां भी उसी स्थल पर पहुंच गई। इससे भीड़ बढ़ गई। बताया जा रहा है कि मार्ग के डिवाइडर में लगे पेड़ को कोई तोड़ने लगा। इस पर कुछ लोगों ने आपत्ति की, तो विवाद हो गया। इसके बाद गुट बनते ही दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जमकर मारपीट होने के बाद अचानक सुदीप चौहान ने अपने पास रखे चाकू को निकाला और दूसरे गुट के युवक पर हमला कर दिया। घटना में बरपारा कोहड़िया निवासी हरीश कुमार को भी गंभीर चोट लगी। साथ ही भूपेंद्र भी घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हरीश कुमार की मौत हो गई। घटना के बाद हड़कंप मच गया। नाराज लोगों ने रात एक बजे तक दर्री-कोरबा मुख्य मार्ग में चक्काजाम रखा। पुलिस ने आरोपितों के गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, तब आंदोलन खत्म हुआ। जांच के दौरान चाकू मारने वाले युवक का नाम सुदीप चौहान 20 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह चांपा स्टेशन से सुदीप व उसके साथी किशन विश्वकर्मा 20 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मारपीट की घटना में शामिल अन्य आरोपितों की पतासाजी की जा रही है। उधर शव का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के पिता आटो चालक हैं। आरोपित सुदीप चौहान व किशन की छत्तीसगढ़ से बाहर भागने की योजना थी। घटना के बाद दोनों आरोपित भाग कर जांजगीर चले गए और अपने एक परिचित के यहां रात गुजारे। सुबह चांपा स्टेशन से ट्रेन पकड़ कर अन्यत्र भागने के लिए पहुंचे थे, पर पुलिस को भनक लग थी,, इसलिए स्टेशन में तैनात पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया।

# भाईचारा बनाओ सम्मेलन का सफल आयोजन

## इंडियन डेमोक्रेटिक अलायंस के तत्वावधान में हुआ भाईचारा बनाओ सम्मेलन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

फुट करो और राज करो के आतंक की काली छाया से पूरा देश बर्बाद हो रहा है। वहीं देश भर के सभी राज्यों में एस सी एस टी एवं अल्पसंख्यक समाज के कुछ लोगों के द्वारा राष्ट्रीय पार्टी का गठन तो किया किन्तु फुट होने के वजह से सरकार भी नहीं बना पा रहे हैं नतिजन जिस उद्देश्य से पार्टी तैयार किया गया उस मुल लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे ही देश भर के हर क्षेत्रों में राजनैतिक दल एवं पार्टीयो को इंडियन डेमोक्रेटिक अलायंस आईडीए पार्टी से गठबंधन करके देश की शासक बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी प्रांगण पर भाईचारा बनाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नबा कुमार सरनिया सांसद असम एवं राष्ट्रीय संयोजक आईडी गठबंधन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गण सुरक्षा पार्टी व सम्मेलन की अध्यक्षता कुमार गायकवाड़ प्रदेश संयोजक




आईडी, गठबंधन ने की तथा संचालक भागवत पात्रे,विश्वरत्न, डॉबी आर अम्बेडकर मिशन के संयोजक एवं राष्ट्रीय जन सम्पर्क पार्टी के अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे साहब सिंह धनगर भैया जी संस्थापक राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी एवं प्रदेश संयोजक आईडीए गठबंधन उत्तर प्रदेश,बीडी चौधरी प्रस्तावक एवं राष्ट्रीय प्रचारक आईडीए गठबंधन सहित सुरजपाल सिंह कश्यप,अत्तर सिंह पाल,मोहन झापट,की शानदार छत्तीसगढ़ की बेमेतरा जिले की पावन धरा में डीजेमे थिरकते युवाओं की टीम तथा आतिशबाजी के साथ अखाड़ा दल की मनमोहक प्रदर्शन के साथ में आए अतिथियों को बेमेतरा सिंगनल चौक से लेकर कार्यक्रम स्थल पर आतिशबाजी करते हुए अतिथि का स्वागत किया गया। मंच पर पहुंचे ही भाई चारा बनाओ का एक स्वर में नारेबाजी करते हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। तदपश्चात कार्यक्रम की शुरुआत बौद्धिसत्व बाबा साहब बी आर अम्बेडकर के तैल चित्र में आए अतिथियों ने फूल माला से अर्पित कर प्रारम्भ हुआ। आए सभी अतिथियों ने

> *** पत्रकारों को मोमेंटो देकर किया सम्मानित कहा,ना वोट बिकने दे ना कलम बिकने दे निर्भीक और निष्पक्ष खबर करें प्रकाशित**
>
> *** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का कृषि उपज मंडी में बड़ी जनसभा को नबा कुमार सरनिया ने किया संबोधित**

एक मंच के बैनर तारे भाईचारा बना सम्मेलन को आगाज करते हुए क्षेत्रीय पार्टियों को आह्वान किया साथ ही एक जुट होकर प्रदेश और देश का शासक बनाने की अपील की 29 सितम्बर 2023 को प्रात: 11 बजे से स्थान कृषि उपज मंडी बेमेतरा इंडियन डेमोक्रेटिक अलायंस आईडीए गठबंधन के तत्वाधान में भाईचारा बना सम्मेलन का आयोजन किया गया सम्मेलन की अध्यक्षता कुमार गायकवाड़ प्रदेश संयोजक आइडिया गठबंधन ने की तथा संचालक भागवत पत्र प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय घोषित समाज पार्टी ने किया मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नबा कुमार सरनिया सांसद असम एवं राष्ट्रीय संयोजक आईडी गठबंधन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गण सुरक्षा पार्टी के ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 96: आबादी एससी एसटी ओबीसी एवं अन्य संख्या को की है लेकिन 4: आबादी वालों के नेतृत्व में सरकारी विगत 76 वर्ष से प्रदेश से सत्तारूढ़ है उनकी नीतियों की वजह से जल जंगल जमीन खनिज संपदा एवं स्वशासन की सामाजिक न्याय व्यवस्था को व्यवस्था किया गया है इस लड़ाई को आइडिया गठबंधन के द्वारा लड़ा जा रहा है विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे साहब सिंह धनगर भैया संस्थापक राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी एवं प्रदेश संयोजक आईडीए गठबंधन उत्तर प्रदेश में कहां की 76 वर्ष की आजादी में देश के विद्वान सभी वर्गों समुदाय धर्म एवं जातियों के लोगों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में शिक्षा,नौकरी,व्यापार राजनीतिक आदि क्षेत्रों में हिस्सेदारी नहीं मिली जिनके वजह से भी समाज का पिछड़ा पड़ा हुआ है जिनकी वजह से एससीए एसटी एओबीसी एवं अल्पसंख्यकों की आर्थिक शैक्षणिक आज तक सुधार नहीं हो पाया है । 76 वर्ष की आजादी में सरकारों की गलत नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ में निवासरथ 96: प्रतिशत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यकों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में शिक्षा नौकरी व्यापार राजनीतिक धन धरती जान जंगल खनिज संपदा में हिस्सेदारी नहीं मिली जिनमें वजह से उनकी आर्थिक शैक्षणिक सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति बहुत ही रहनी है अपनी.अपनी हिस्सेदारी लेने के लिए एवं जातिगत जनगणना कराने एक शिक्षा नीति लागू करने भ्रष्टाचार खत्म करने नशाखोरी खत्म करने बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलाने महिलाओं को सम्मान दिलाने एवं किसानों के उत्थान हेतु स्वामी नाथन आयोग की सिफारिश को लागू करने हेतु इंडियन डेमोक्रेटिक अलायंस के तत्वाधान में एससी एसटी ओबीसी एवं अल्पसंख्यकों के बीच भाईचारा बनाने हेतु भाईचारा बना सम्मेलन का आयोजन किया गया अपने लिए तथा अपने आने वाले पीडिया के भविष्य के लिए के तमाम क्षेत्रीय छोटी-छोटी पार्टियों एवं दलों को एकत्र करने के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# ग्राम सुमा एवं तरेंगा के मवेशियों की मौत का जिम्मेदार कौन

## जिला प्रशासन, राज्य सरकार हाय-हाय के पशुपालक लगा रहे नारे

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

**बलौदाबाजार भाटापारा जिले से शर्मसार करने वाली खबर निकलकर सामने आ रही है। कि जिसमें लगभग 50 मवेशियों की मौत तथा डेढ़ सौ अधिक मवेशी घायल एवं अभी भी पशु विभाग के तरफसे मवेशियों को लगातार उपचार किया जा रहा है इंजेक्शन दवाई का व्यवस्था किया जा रहा है।**









पूरे मामले का विवरण इस प्रकार से है कि बीते दिवस जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा भाटापारा सुमा में वृहद कृषक सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ था जिसमें राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ पूरे मंत्रिमंडल आए हुए थे जहां पर वृहद कार्यक्रम हुआ था जिसमें जो खाने की व्यवस्था की गई थी और वह खाना बच गया था उसे कार्यक्रम स्थल के आसपास फेंक दिया गया जिसमें खुले में पड़े हुए खाने को मवेशी के द्वारा खाया गया जिसके कारण लगभग 50 मवेसी की मौत 150 मवेशी से अधिक मवेशी घायल एवं अभी भी कई मवेशियों की लगातार उपचार जारी है जिसमें आशंका यहां भी है कि अभी भी मवेशी की मौत हो सकती है और कई मवेशी का अभी तक कथा पता नहीं है मवेशी कई तरह के हालात में दिखे मौत के हालात में, घायल की अवस्था में,सुस्ती पना के हालात में, यहां तक की कई मवेशी बच्चों को जन्म देने वाले थे वह भी मृत अवस्था में दिखे।

**तरेंगा भाटापारा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम की स्थिति बनी**

### आखिर इस पूरी घटना की स्थिति में कौन जिम्मेदार

पूरे मामले को देखकर यहां कयास लगाया जा रहा है कि जो कांग्रेस सरकार की कृषक सह सम्मेलन कार्यक्रम हुआ वह तो बड़े ही शानदार हुआ जहां पर हर तरह की व्यवस्था भी थी सभी के लिए चाहे वहां, क्लास को, बी क्लास का हो,3 क्लास हो, फोर क्लास हो, हर तरह के नीचे वर्ग से लेकर मंत्रिमंडल तथा महत्वपूर्ण व्यक्ति के दर्जा प्राप्त लोगों के लिए यहां बैठने उठने खान तक का व्यवस्था भव्य रूप में कराई गई थी ।लोगों ने यह भी बताया कि लगभग 70000 लोगों के लिए खाना खाने के लिए भी व्यवस्था कराई गई थी और खाना खिलाए भी और सभी ने भोजन का आनंदपूर्वक स्वाद भी लिया मगर खाना बचने के पश्चात बाहर में फेंकना आज गौपालकों को बड़े ही दुखद पूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ा और आज कितने ही तादाद में मवेशियों की मौत हो गई कितने मवेशी घायल अवस्था में दिखे और लगातार खबर लिखने तक इलाज भी जारी रहा अब देखने वाली बात यह होगी कि इस प्रकार की पूरी बातों को संज्ञान में लेकर जिला से लेकर राज्य सरकार तक यह बात की जानकारी होने पर क्या जांच होती है किसके ऊपर क्या गाज गिरती है कौन कर्मचारी होगा कौन अधिकारी होगा या कोई उच्च अधिकारी होगा क्या पूरा मामला भाटापारा विकास खंड का है जिसे संयुक्त जिला के रूप में भी दर्जा प्राप्त है और भाटापारा विकासशील,विकसित जगह के नाम से भी जाना जाता है और आज भी लोग भाटापारा को जिला बनाने की मांग कर रहे हैं ऐसे में बैठे अधिकारी और वहां के मवेशियों के पालक क्या करते हैं वहां अगले अंक में प्रशासन की जाएगी।

## एक नजर

### किसान नेता योगेश तिवारी भाजपा की लेंगे सदस्यता


जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा क्षेत्र के किसान नेता योगेश तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। इस संबंध में किसान नेता ने बताया कि एक अक्टूबर को राजधानी रायपुर के रावण भाटा मैदान में भाजपा के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होना था, लेकिन केंद्रीय नेताओं की व्यस्तता के कारण कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए टालते हुए 7 अक्टूबर को रखा गया है। समारोह में विधानसभा क्षेत्र से 20 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। किसान नेता के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी ने देश को विश्व सम्मान दिलाया और उन्होंने देश की जनता को जो वादा किया उसे पुरे ईमानदारी से निभाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जाने वाले जन कल्याणकारी योजनाओं से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सीधा लाभ मिला है। आज गरीब, मजदूर व महिलाएं मोदी सरकार की योजनाएं से लाभान्वित हो रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, शौचालय योजना, मुद्रा लोन योजना, गरीब परिवारों को मुफ्त अनाज, किसान सम्मन निधि योजना, हर घर जल पहुंचाने जल जीवन मिशन योजना समेत अन्य योजनाओं से शहर से लेकर ग्रामीण स्तर पर लोगों का जीवन बेहतर हुआ है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी की रीति व नीति से प्रभावित होकर शामिल होने का निर्णय लिया है।



# लैलूंगा विधान सभा के मतदाताओं का कहना, हृदय राम राठिया को दी जाती बारी, तो भाजपा पर पड़ेंगे भारी

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



इन दिनों विधान सभा चुनाव को लेकर राजनीतिक चर्चा परिचर्चाओं का दौर चारों ओर चल रहा है। जिधर देखों उधर सिर्फ और सिर्फ चुनावी बातचीत ही चल रहे हैं। तो वहीं लैलूंगा विधान सभा चुनाव को लेकर यदि बात की जाये तो खासकर भाजपा-कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनैतिक पार्टियों में टिकिट के बंटवारे को लेकर उम्मीदवारों तथा आम जनता में प्रत्याशियों के चयन कि प्रक्रिया के विषय पर उहापोह की स्थिति बनी हुई है। वहीं लोगों का कहना है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर यदि सोचा जाये तो लैलूंगा विधान सभा का कोई उद्धार कर्ता यदि होगा तो वह पूर्व विधायक हृदय राम राठिया। जिनका क्षेत्र में एक जबरदस्त जनाधार के साथ दबंग तथा प्रखर नेता के रूप में जाने जाते हैं। साथ ही आम जनता के हर जुबान पर सुनने हृदय राम राठिया का ही नाम लिया जाता है। ऐसे में हृदय राम राठिया एक तरह से जिताऊ प्रत्याशी के रूप में जाने व पहचाने जा रहे हैं। वहीं लोगों का यह भी कहना है कि हृदय राम छात्र जीवन से ही सक्रीय राजनीति में अग्रसर रहे हैं। उन्होंने कॉमर्स कॉलेज रायगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। हृदय राम वनोपज में तेन्दूपत्ता तोड़ने वाले पहले नेता हैं जो कि तेन्दूपत्ता में नौकरी करने के पश्चात नौकरी को त्याग पत्र देकर जनता जनार्दन की सेवा करने के उद्देश्य से जनपद सदस्य का चुनाव लड़कर जीते तथा जनपद पंचायत लैलूंगा के अध्यक्ष के पद पर रहकर दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए एक-एक कार्यकर्ता को जोड़ने का काम किया है। हृदय राम राठिया ने बहुत ही संघर्ष के बीच कांग्रेस पार्टी को लैलूंगा विधान सभा में स्थापित किया है, वे पूर्व विधायक एवं मंत्री सत्यानंद राठिया को सन 2008 में लगभग 15,000 व्होटों से पराजित करके 2008 से 2013 तक जब प्रदेश में भाजपा की थी उस समय लैलूंगा विधान सभा के विधायक के रूप में बखूबी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं आपको यह भी बता दें कि छत्तीसगढ़ विधान सभा सदन में सबसे सर्वाधिक प्रश्न करने वाले विधायक होने का उन्हें तात्कालीन भाजपा सरकार में उन्हें उत्कृष्ठ विधायक के रूप में सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें विधायक बनते ही 2009 में कांग्रेस पार्टी ने लोक सभा चुनाव की दांव लगाकर लोक सभा चुनाव में अजमा चुकी है। हलांकि वे लोक सभा हार गये। किसी भी दृष्टीकोण से देखा जाये तो हृदय राम राठिया आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। लैलूंगा विधान सभा ही नहीं अपितु छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों तथा क्षेत्रों में हृदय राम राठिया को काफी कर्मठ तथा जुझारू व मिलनसार, पूर्व विधायक के रूप में जाने जाते हैं। आम जनता के दु:ख दर्द में सबसे आगे रहने वाले हृदय राम राठिया के बारे में किसी से भी पूछने पर उन्हें हर कोई हंस मुख मिजाज के व्यक्तित्व के धनी बताते हैं। जो कि आसन्न विधान सभा में कांग्रेस पार्टी की ओर से विधान सभा चुनाव लड़ाया जाता है तो हृदय राम राठिया भाजपा को धूल चटा सकते हैं। अब यह देखना होगा कि कांग्रेस पार्टी किस पर विश्वास करती है।

# आबकारी विभाग के कर्मचारियों ने अपने ही उच्च अधिकारी पर खोला मोर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




सहायक आयुक्त आबकारी विकास कुमार गोस्वामी जी के द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के समस्त देशी एवं विदेशी मंदिरा दुकानो के सुपरवाईजरो को निर्देशित किया गया था कि अगामी चुनाव मे चुनाव की फंडिग हेतु सभी दुकान के सुपरवाईजरो से प्रति माह दो से तीन लाख रू .की मांग की गई विकास कुमार गोस्वामी जी की शर्त यह है कि आप समस्त सुपरवाइज़र कोई भी गलत कार्य कर जैसे (ओवर रेटिंग एवं कोचिंया बनाकर अधिक मात्रा मे मदिरा देना या मदिरा में पानी मिलावट कर मदिरा विक्रय करना)या कहीं से भी इस शर्तिया फंडिंग को पूरा करना है मेरे द्वारा दिए गए निर्देश या आदेश का जिस सुपरवाइज़र द्वारा पूरा नहीं किया जाता है तो उसका स्थानांतरण या कार्यमुक्त कर ब्लैकलिस्ट करा जाएगा या किसी झूठे आरोप में जैल दाखिल करा दिया जायेगा श्रीं विकास गोस्वामी के द्वारा बोला गया था जिससे हम सभी सुपरवाइज़र डरे और सहमे हुए थे। इस फंडिंग की शिकायत हम सभी सुपरवाइज़रो द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त छत्तीसगढ़ को 20/09/2023 को किया था और उसकी प्रतिलिपि माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन,माननीय गृहमंत्री छत्तीसगढ़ शासन,माननीय आबकारी मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ और माननीय कलेक्टर महोदय बलौदाबाजार-भाटापारा को दिया गया था जिसमें कोई कार्यवाही नहीं हुई और इस शिकायत की जानकारी सहायक आबकारी आयुक्त श्रीं विकास गोस्वामी जी को हो चुका है और अब उनके द्वारा हम सभी सुपरवाइज़र को अधिक प्रताड़ित करते हुए मेरे खिलाफ शिकायत कियो हो करके अधिक पैसों की मांग की जा रही है पैसा नहीं देने पर मौखिक रूप से स्थानांतरण एवं एवं कार्यमुक्त कर ब्लैकलिस्ट करने की धमकी दिया जा रहा है ।जिसकी शिकायत आज दिनांक 29/09/2023 को हम सभी सुपरवाइज़र द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय जी बलौदाबाजार-भाटापारा को एक आवेदन दिया गया जिसमें हम सभी सुपरवाइज़र की मांग है कि एक सप्ताह के भीतर कोई उचित कार्यवाही की जाए और यदि कोई उचित कार्यवाही नहीं होने पर हम सभी सुपरवाइज़र एवं समस्त दुकान कर्मचारियों द्वारा इस प्रताड़ना से मजबूर होकर दुकानों को बंद कर जिला आबकारी अधिकारी के खिलाफ पुतला दहन कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# हाथी के हमले में एक की मौत, एलिफेंट ट्रैकर घायल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



वन मंडल अंतर्गत के छाल रेंज में हाथी के हमले में एक युवक की मौत हो गई और कुछ समय बाद उसी हाथी के हमले में क्षेत्र का एक एलिफेंट ट्रैकर घायल हो गया है। बीती रात करीब 9 से 10 बजे के बीच दो नवयुवकों का एक ही हाथी से अलग अलग समय में आमना-सामना हो गया। इस दौरान हाथी ने दोनों युवकों पर हमला कर दिया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई है और दूसरा घायल हो गया है। घायल युवक को खरसिया के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि घायल युवक राजेन्द्र छाल रेंज के हाटी में एलीफैंट ट्रैकर है। इस घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक हाथी के हमले में ग्रामीण पवन राठीया,की हॉस्पिटल पहुंचने से पहले मौत हो गई। वहीं,उसके साथी राजेन्द्र राठिया का खरसिया के एक अस्पताल में उपचार जारी है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना छाल रेंज के हाटी सिथरा के बीच रानाई नामक खेत के पास की है। फि लहाल इस मामले में वन विभाग व पुलिस आगे की आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है। चिंघाड़ सुन साथी को आगाह करने जा रहा था एलिफेंट। ट्रैकर इस घटना के बारे में घायल एलिफेंट ट्रैकर राजेंद्र राठिया ने फोन पर बताया कि पवन राठिया पहले से खेत की रखवाली करने गया था।

इस बीच हाथी की चिंघाड़ सुनकर एलिफेंट ट्रैकर राजेंद्र अन्य लोगों के साथ पवन को आगाह करने खेत की ओर गए। तभी हाथी उन पर भी हमला कर दिया जैसे तैसे करके वे अपनी जान बचाए लेकिन हमले से राजेन्द्र राठीया घायल हो गया बाद में पता चला की हाथी के हमले से पवन की मौत हो चुकी थी।

# धरमजयगढ़ डी.ए.व्ही. स्कूल में किया गया शांति पाठ का आयोजन

## हवन कर की गई मंगलकामना

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।




धरमजयगढ़ के दयानंद एंग्लो वैदिक स्कूल धरमजयगढ़ में हवन (शांति पाठ) का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि धरमजयगढ़ में स्थित डी.ए.व्ही.स्कूल सीबीएसई पाठ्यक्रम नई दिल्ली पर आधारित है। इसके अतिरिक्त वेदों का ज्ञान तथा अपनी संस्कृति से संबंधित ज्ञान तथा गतिविधियां समय-समय पर आयोजित करती रहती है। शिक्षा के साथ वैदिक ज्ञान, संस्कार तथा संस्कृति का समावेश बच्चों के बौद्धिक विकास एवं एक अच्छा नागरिक बनाने के पश्चात राष्ट्र निर्माण हेतु अति आवश्यक होता है। उक्त तारतम्य में विद्यालय परिवार ने हवन (शांति पाठ )का आयोजन किया गया। जिसमें सकारात्मक ऊर्जा, जिससे निज बौद्धिक विकास, सामाजिक विकास तथा राष्ट्र निर्माण हेतु समस्त छात्र- छात्राओं ने कामना तथा प्रार्थना की। विद्यालय प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में शिक्षा के साथ वेदों का ज्ञान होने की भी अति आवश्यकता है, क्योंकि आज के परिवेश में कुछ बच्चे पढ़ तो रहे हैं परंतु गढ़ नहीं रहे। उन्होंने कहा कि पढ़ने के साथ-साथ गढ़ना, अपने संस्कारों - संस्कृतियों तथा मानवता का भाव छात्र-छात्राओं में उत्पन्न करने की अति आवश्यकता है। जो की डी.ए.व्ही. विद्यालय सतत् तौर पर करते आ रहा है। उक्त अवसर पर समस्त छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक गण उपस्थित रहे एवं सर्वे भवंतु सुखीन- की मंगल कामना किए।

# प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखिसरानी ने लिया बैंकों के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




रायगढ़ जिले में हुई बैंक लूटकांड के बाद से जिले पुलिस सुरक्षा को लेकर मुश्तेद नजर आ रहे हैं। रायगढ़ जिले के वरिष्ट पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा हर थाना प्रभारी को बैंकों के सुरक्षा व्यवस्था की जांच करने के निर्देश दिये हैं। एसएसपी के निर्देश पर धरमजयगढ़ थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखिसरानी द्वारा आज धरमजयगढ़ के बैंकों के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने बैंक पहुंचे। थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखिसरानी बैंक प्रबंधक से सुरक्षा को लेकर चर्चा किये एवं बैंक में सायरन, सीसी टीवी सही तरीके से काम कर रहे हैं या नहीं, बैंक में गार्ड है कि नहीं गार्ड बंदुकधारी है या नहीं इन सभी मुद्दों का जायजा लिया। आज धरमजयगढ़ थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखिसरानी ने भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसडीएफसी बैंक, अपेक्स बैंक की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



# मुख्यमंत्री बघेल ने बेरोजगारी भत्ता और नियुक्ति पत्र प्रदान किए

## सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 4 हजार 103 हितग्राहियों को मिला बेरोजगारी भत्ता

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर स्थित निवास कार्यालय से बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ के एक लाख 35 हजार 104 शिक्षित बेरोजगार हितग्राहियों को 35 करोड़ 48 लाख 7 हजार 500 रुपए का बेरोजगारी भत्ता सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किया। अभी तक छ: किश्तों में हितग्राहियों को 182 करोड़ 47 लाख 2 हजार 500 रूपए का बेरोजगारी भत्ता दिया जा चुका है। इनमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कुल 4 हजार 103 हितग्राहियों को एक करोड़ 2 लाख सन्तावन हजार रूपए की राशि अंतरित की गई। इसमें 2500 रूपए प्रति हितग्राही को प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम की शुरूआत राज्यगीत अरपा पैरी के धार से की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आईटीआई के 109 प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इसी तरह मुख्यमंत्री बघेल ने छात्रावास अधीक्षक के पद के लिए भी 6 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल रूप से बस्तर एवं सरगुजा संभाग में शिक्षक और व्याख्याता के पद पर चयनित 2 हजार 161 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमे से 2 हजार 139 सहायक शिक्षक तथा 22 व्याख्याता हैं। बेरोजगारी भत्ता वितरण तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला, संचालक तकनीकी शिक्षा अवनीश शरण, संचालक लोक शिक्षण सुनील जैन समेत अन्य विभागीय अधिकारी तथा बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राही उपस्थित थे। कलेक्टोरेट सारंगढ़ में इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगरपालिका परिषद सारंगढ़ के उपाध्यक्ष रामनाथ सिदार, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, सहायक संचालक कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार, रोशन यादव सहित जिले के बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहीगण उपस्थित थे।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन**, फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in